आई.एस.ओ. 9001:2000 अवार्ड प्राप्त

# यश भारत

नये जमाने के साथ ...

● वर्ष- 15 अंक-140 -● कटनी ● मंगलवार, 22 जून, 2021 ● मूल्य- 2 रुपए ● पृष्ठ-8 ● ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष -12 ● विक्रम संवत् 2078 शके 1935


## ताज पर बैडमिंटन स्टार



भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी और वर्ल्ड रैंकिंग में नंबर वन रह चुकीं साइना नेहवाल ने मंगलवार सुबह अपने पति के साथ ताजमहल का दीदार किया।

## जबलपुर जिले में रिकार्ड 77 हजार 191 वैक्सीनेशन

## 91 दिनों के बाद सबसे कम मामले हुए दर्ज, 1167 की मौत



**नई दिल्ली।** देश में कोरोना वायरस के दैनिक मामले तेजी से घट रहे हैं। 91 दिनों के बाद पहली बार देश में कोरोना वायरस के दैनिक मामले 50 हजार से कम आए हैं। इस दौरान 1167 मरीजों ने इस खतरनाक वायरस के आगे दम तोड़ दिया है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने इस बात की जानकारी दी। स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से जारी ताजा आंकड़ों के मुताबिक, भारत में कोरोना के 42,640 नए मामले आने के बाद कुल पॉजिटिव मामलों की संख्या 2,99,77,861 हो गई है। वहीं 1167 नई मौतों के बाद कुल मौतों की संख्या 3,89,302 हो गई है। 81,839 नए डिस्चार्ज के बाद कुल डिस्चार्ज की संख्या 2,89,26,038 हुई। मौजूदा समय मेंदेश में सक्रिय मामलों की कुल संख्या 6,62,521 है। स्वास्थ्य मंत्रालय ने जानकारी दी कि रिकवरी रेट बढ़कर 96.49 फीसदी हो गया है और दैनिक पॉजिटिविटी रेट 2.56 फीसदी हो गया है। इसके अलावा देश में पिछले 24 घंटे में कोरोना वायरस की 86,16,373 वैक्सीन लगाई गईं, जिसके बाद कुल आंकड़ा 28,87,66,201 हो गया।

# नए वैरिएंट डेल्टा प्लस के मामलों में बढ़ोत्तरी

### दूसरी लहर पर लगाम लेकिन नए वैरिएंट का देश में तेजी से फैलना चिंताजनक

**नई दिल्ली।**



देश में कोरोना की जहां दूसरी लहर अब थमती हुई नजर आ रही है और विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा भारत को चिंतामुक्त बताया गया है तो वहीं दूसरी ओर भारत में कोरोना को लेकर हालात कुछ और ही नजर आ रहे हैं। कोरोना का नया वैरिएंट डेल्टा प्लस भारत के लिए अब धीरे-धीरे चिंता का विषय बन रहा है। डेल्टा प्लस वैरिएंट से भारत ही नहीं बल्कि पूरी दुनिया परेशान है। दूसरी लहर पर लगाम कसने के साथ ही डेल्टा प्लस वैरिएंट का देश में तेजी से फैलना बेहद ही चिंता का विषय है। कोरोना की दूसरी लहर में जहां हजारों की संख्या में लोगों ने अपनी जान गंवा दी है, तो अब इसके थमने की खबर के साथ कोरोना का नया डेल्टा प्लस वैरिएंट देश में बड़ी ही तेजी के साथ फैल रहा है। ये वैरिएंट भारत ही नहीं बल्कि दुनिया के कई देशों के लिए परेशानी का सबब बन चुका है। अहम बात तो यह है कि भारत के कई राज्यों में इस नए वैरिएंट के मामले आने शुरू भी हो चुके हैं। देश में इसके सबसे ज्यादा नए मामलों की अगर बात करें तो महाराष्ट्र में डेल्टा प्लस वैरिएंट के 21 मरीज सामने आए हैं। सोमवार को स्वास्थ मंत्री राजेश टोपे ने कहा कि इनमें से 9 मामले रत्नागिरी, 7 जलगांव, 2 मुंबई इसके अलावा 1-1 सिंधुदुर्ग, ठाणे और पालगढ़ जिले से है। राजेश टोपे ने कहा कि राज्य सरकार ने अब जीनोम स्क्विंसिंग का फैसला किया है और जिले से 100 नमूने लेने कि प्रक्रिया चालू कर दी है। उन्होनें बताया कि 15 मई से अब तक 7,500 नमूने लिए गए हैं जिनमें डेल्टा प्लस के लगभग 21 मामले सामने आए हैं। बतादें कि भारत में डेल्टा प्लस वैरिएंट का पहला मामला मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में 65 वर्षीय महिला में पाया गया था। वहीं अब महाराष्ट्र के अलावा केरल के दो जिले में भी इसे देखा गया है। बहुत सी रिपोर्ट में यह भी सामने आया है कि कोविड-19 के अत्याधिक संक्रामक डेल्टा वैरिएंट बी.1.617.2 के डेल्टा प्लस वैरिएंट में बदलने की आशंका है।

### दो राज्यों में उच्च जनसंख्या घनत्व की वजह से बढ़े मामले

देश में कोरोना की दूसरी लहर की रफ्तार अब धीमी हो रही है। लेकिन महाराष्ट्र और केरल में कोरोना के दैनिक मामलों में अभी भी तेजी बरकरार है। महाराष्ट्र कोरोना से सबसे ज्यादा प्रभावित राज्य रहा है लेकिन केरल ने पहली लहर के दौरान कोरोना पर बहुत नियंत्रण कर लिया लेकिन पिछल दो महीने में वहां भी हालात बिगड़े हैं। महाराष्ट्र में स्वास्थ्य जानकारों ने उच्च जनसंख्या घनत्व और कोविड नियमों के उल्लंघन को सबसे बड़ा कारण बताया है, जिससे राज्य में कोविड के इतने मामले दर्ज हुए। मई में महाराष्ट्र में होने वाली मौत का आंकड़ा देश के मृतकों की संख्या एक चौथाई था। इसके अलावा महाराष्ट्र में कोविड-19 की टेस्टिंग भी काफी बड़ी संख्या में हुई।

## फटाफट खबरें



### धर्मांतरण पर योगी सख्तः दोषियों पर लगेगा रासुका, संपत्ति भी होगी जप्त

**नई दिल्ली।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने धर्मांतरण मामले को बेहद गंभीरता से लेते हुए मामले की तह में जाकर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने दोषियों के खिलाफ गैंगेस्टर की कार्रवाई कर उन्हें राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (एनएसए) में निरूद्ध करने के भी आदेश दिए। उन्होंने कहा कि धर्मांतरण कराने वालों की संपत्ति जब्त कर सख्त कार्रवाई की जाए।।

### प्रशांत किशोर बोले- भाजपा को टक्कर नहीं दे सकता तीसरा या चौथा मोर्चा

**चंडीगढ़।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) के प्रमुख शरद पवार से 15 दिनों के भीतर दो बार मुलाकात करने को लेकर चुनावी रणनीतिकार प्रशांत किशोर के तीसरा मोर्चा बनाने को लेकर अटकलें जारी हैं। इस बीच प्रशांत किशोर ने कहा कि उन्हें नहीं लगता कि तीसरा या चौथा मोर्चा भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को टक्कर दे सकता है। उन्होंने 2024 के लोकसभा चुनाव के लिए विपक्षी मोर्चे में अपनी भूमिका से भी इनकार किया है।

### नुसरत जहां की लोकसभा सदस्यता रद्द करने की मांग



**बदायूं।** बदायूं की भाजपा सांसद संघमित्रा मौर्य ने लोकसभा अध्यक्ष से पश्चिमी बंगाल की बशीरहाट लोकसभा सीट से टीएमसी सांसद नुसरत जहां की लोकसभा सदस्यता रद्द करने की मांग है। नुसरत हाल ही में निखिल जैन से अपनी कथित शादी तोड़ने को लेकर चर्चा में हैं। लोकसभा अध्यक्ष को भेजे गए पत्र में बदायूं सांसद ने नुसरत जहां पर अमर्यादित आचरण करने का आरोप लगाया है। कहा है कि नुसरत जहां ने लोकसभा सदस्य के रूप में शपथ के दौरान अपने नाम का उच्चारण नुसरत जहां रूही जैन के रूप में किया था। लोकसभा की वेबसाइट पर नुसरत जहां के पति का नाम निखिल जैन लिखा है। मालूम हो कि नुसरत जहां ने उद्योगपति निखिल जैन से 19 जून 2019 तुर्की के बोरडम शहर में टर्किश मैरिज रेग्युलेशन एक्ट के तहत धूमधाम से शादी की थी।




### वैक्सीन की कमी से कई राज्य चिंतित

# महारिकार्ड के बाद धीमी रफ्तार

**नई दिल्ली।**



कोरोना टीकाकरण की नीति में बदलाव करने के पहले दिन ही यानी सोमवार को पुराने सारे रिकॉर्ड टूट गए। सोमवार को 85 लाख से ज्यादा लोगों को टीका लगाया गया, लेकिन राज्यों के लिए यह रिकॉर्ड आगे बनाए रखना मुश्किल होगा। कई राज्यों ने स्वीकार किया कि अगर उन्हें केंद्र सरकार से नियमित वैक्सीन मिलती रहेंगी, तो वे तेजी से टीकाकरण जारी रखेंगे, लेकिन अगर वैक्सीन नहीं मिलती है, तो टीकाकरण फिर से धीमा पड़ सकता है। कोविन पोर्टल पर उपलब्ध रात 12.30 बजे तक के आंकड़ों के अनुसार, देश में सोमवार को 85 लाख 15 हजार 765 लोगों को वैक्सीन लगाई गई। इससे पहले, 5 अप्रैल को 43 लाख से ज्यादा लोगों को वैक्सीन लगाई गई थी। कोविड टीकाकरण अभियान की इस गति को आगे भी बनाए रखने के लिए आगामी नौ दिन में करीब 7.2 करोड़ वैक्सीन की आवश्यकता होगी, लेकिन कई राज्यों के पास कोरोना वैक्सीन का पर्याप्त स्टॉक नहीं है। केंद्र सरकार कोविड वैक्सीन खरीदने की प्रक्रिया में है, लेकिन समय पर पर्याप्त टीकों की आपूर्ति हो पाएगी, इस पर राज्यों को संदेह है।

पश्चिम बंगाल, महाराष्ट्र और आंध्र प्रदेश समेत गैर भाजपा शासित राज्य सरकारों ने वैक्सीन की कमी का हवाला देते हुए सभी के लिए मुफ्त टीकाकरण अभियान शुरू नहीं किया, लेकिन यह स्पष्ट था कि केंद्र सरकार और अन्य राज्य सरकारें कोविड टीकाकरण अभियान के नए चरण को सफल बनाना चाहती थीं। हालांकि, इस गति को आगे भी जारी रख पाएंगी, यह वैक्सीन के स्टॉक पर निर्भर करता है। देश में सोमवार को जितने लोगों को टीका लगाया गया, उससे कम कम आबादी वाले दुनिया में 134 देश हैं। इनमें हांगकांग, सिंगापुर, न्यूजीलैंड, कुवैत, नार्वे और फिनलैंड जैसे देश शामिल हैं।

#### अमेरिका को छोड़ा पीछे

भारत ने इस मामले में अमेरिका को भी काफी पीछे छोड़ दिया है। अमेरिका में अब तक एक दिन में सर्वाधिक 40 लाख लोगों को वैक्सीन लगाई गई। यह रिकॉर्ड 4 अप्रैल को दर्ज हुआ था। ऑस्ट्रेलिया में अब तक कुल 6.87 लाख डोज लगे हैं। इससे करीब डेढ़ गुना भारत में एक दिन में ही लगा दिए गए।

# कांग्रेस के श्वेतपत्र पर छिड़ी जंग

### राहुल बोले सरकार फेल, संबित ने कहा चिढ़ क्यों ?



**नई दिल्ली।** कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने मंगलवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर केंद्र सरकार पर हमला बोला। राहुल ने कहा कि कोरोना की तीसरी लहर आनी तय है, ऐसे में सरकार को अभी से ही तैयारी शुरू कर देनी चाहिए। राहुल गांधी ने कांग्रेस की ओर से श्वेत पत्र जारी करते हुए सरकार से गलती सुधारने की मांग की। राहुल गांधी ने कहा कि श्वेत पत्र जारी करने का मकसद सरकार को रास्ता दिखाने है। मीडिया को संबोधित करते हुए राहुल गांधी ने कहा कि दूसरी लहर के लिए सरकार को चेताया था, लेकिन सरकार ने इस पर ध्यान नहीं दिया। दूसरी लहर संभालने में सरकार विफल रही है। इस पर संबित पात्रा ने पलटवार किया है। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता संबित पात्रा ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि राहुल गांधी कोरोना के हर मोर्चे पर राजनीति कर रहे हैं। संबित पात्रा ने कहा कि पहले राहुल कांग्रेस शासित प्रदेशों में जाकर वैक्सीनेशन का जायजा लें। उन्होंने राहुल गांधी से सवाल पूछते हुए कहा कि पंजाब में हुए वैक्सीन घोटाले पर राहुल चुप क्यों हैं? इसके अलावा संबित पात्रा ने यह भी कहा कि जब भी हिंदुस्तान में कुछ अच्छा होता है और देश अच्छा परफॉर्म करता है, तो कहीं न कहीं कांग्रेसियों को उससे चिढ़ होती है। राहुल गांधी से रुका नहीं जाता और वो पूरे विषय पर एक प्रश्नचिन्ह लगाने का काम करते हैं।

## धर्मांतरण रैकेट के भंडाफोड़ पर सियासत, आप बोली रिहा करो

**नई दिल्ली। (एजेंसी)।**



उत्तरप्रदेश पुलिस द्वारा धर्मांतरण रैकेट का भंडाफोड़ करने के बाद अब इस मामले में सियासत भी शुरू हो गई है। उत्तरप्रदेश पुलिस ने जबरन धर्मांतरण कराने के मामले में दो आरोपियों मोहम्मद उमर गौतम और मुफ्ती काजी जहांगीर कासमी को सोमवार को गिरफ्तार किया था। इसे मामले को सियासी रंग देते हुए आम आदमी पार्टी भी मैदान में सामने आ गई है। आम आदमी पार्टी के विधायक अमानतुल्लाह खाने ने दो आरोपियों की गिरफ्तारी को संवैधानिक अधिकारों पर हमला बताया है। दिल्ली में आम आदमी पार्टी के विधायक अमानतुल्लाह खान ने ट्वीट करके कहा है कि भाजपा देश के अल्पसंख्यकों और दलितों पर जुल्म करने से नहीं चूक रही है।

## महबूबा बोलीं-हम सब जाएंगे बैठक में



**जम्मू।** दिल्ली में सर्वदलीय बैठक से पहले मंगलवार को गुपकार गठबंधन के नेताओं की बैठक हुई। इसमें सर्वदलीय बैठक को लेकर रणनीति तैयार की गई। पूर्व मुख्यमंत्री फारूक अब्दुल्ला ने अपने आवास पर पीपुल्स अलायंस फॉर गुपकार डिक्लेरेशन (पीएजीडी) की बैठक की अध्यक्षता की। इसके बाद वह पत्रकारों से रूबरू हुए। फारूक अब्दुल्ला ने कहा कि सर्वदलीय बैठक में नेशनल कांफ्रेंस, पीडीपी समेत वह सभी दल शामिल होंगे, जिन्हें न्योता मिला है। हमें कोई एजेंडा नहीं दिया गया है, इसलिए प्रधानमंत्री और गृहमंत्री के सामने हम अपना पक्ष रखेंगे। पीडीपी मुखिया महबूबा मुफ्ती ने कहा कि हमसे जो छीन लिया गया है, हम उसके बारे में बात करेंगे। महबूबा का इशारा अनुच्छेद-370 की तरफ था। इसके साथ वहीद पारा का नाम लिए बगैर उन्होंने कहा कि राजनीतिक बंदियों को रिहा किया जाना चाहिए। वह कैदियों की रिहाई पर जोर देंगी। बैठक में पहुंचे पीएजीडी सदस्य मुजफ्फर शाह ने कहा कि हम पीएम की ओर से बुलाई गई बैठक और उसके एजेंडे पर फैसला करेंगे। हम अनुच्छेद-370 और 35-ए के बारे में भी बात करेंगे। बता दें कि अब्दुल्ला पीएम मोदी की बैठक के लिए आमंत्रित 14 नेताओं में शामिल हैं। वह पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के साथ केंद्र के साथ इस तरह की पहली बातचीत पर विचार-विमर्श कर रहे हैं। केंद्रीय गृह सचिव अजय भल्ला बैठक को लेकर पूरी स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं। वे प्रस्तावित बैठक को लेकर जम्मू और कश्मीर में चल रही राजनीतिक घटनाक्रम की पल-पल की जानकारी हासिल कर रहे हैं।

## कोरोना हर चीज का बहाना नहीं 15 सितंबर तक कराएं इलेक्शन

**नई दिल्ली (एजेंसी)।**



सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को तमिलनाडु में स्थानीय निकाय चुनावों को कोविड-19 के मद्देनजर टालने की राज्य चुनाव आयोग की मांग को ठुकरा दिया। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि हम समझते हैं कि जब तक राजनीतिक दल तैयार नहीं होंगे, वे चुनाव नहीं चाहेंगे। जस्टिस हेमंत गुप्ता और जस्टिस अनिरुद्ध बोस की अवकाशकालीन पीठ ने तमिलनाडु राज्य चुनाव आयोग को नवगठित नौ जिलों में स्थानीय निकाय चुनाव 15 सितंबर तक कराने का पूरा निर्देश दिया है। कोर्ट ने कहा कि यह बेहतर होगा कि कोरोना की तीसरी लहर आने से पहले चुमाव संपन्न हो जाए। साथ ही सुप्रीम ने कहा कि कोविड को हर चीज के लिए बहाना नहीं बनाया जा सकता। वकील पीएस नरसिंहा ने पीठ से कहा कि राज्य में कोविड की स्थिति ठीक नहीं

## कैबिनेट मीटिंग में सीएम शिवराज ने वैक्सीनेशन महाअभियान पर सभी को दिया धन्यवाद



**भोपाल।** सीएम शिवराज सिंह चौहान ने कैबिनेट की बैठक के दौरान मध्य प्रदेश में वैक्सीनेशन महा अभियान के सफल क्रियान्वयन पर आप सबको प्रदेश की जनता, कार्यकर्ताओं, जनप्रतिनिधियों, धर्मगुरुओं, सामाजिक संस्थाओं को हृदय से धन्यवाद देता हूं। सीएम ने कहा कि मैं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को धन्यवाद देता हूं कि उन्होंने हमें पर्याप्त डोज उपलब्ध कराए। जब से प्रधानमंत्री ने इस अभियान को अपने हाथों में लिया है तब से राज्यों को वैक्सीन के डोज सुलभता से उपलब्ध हो रहे हैं। वैक्सीनेशन जिंदगी है, हम जिंदगी के डोज लगा रहे हैं, इससे बड़ा कुछ और काम नहीं हो सकता। अभियान के प्रथम दिन 16 लाख 95 हजार डोज प्रदेश में लगाए गए हैं।

## भारत बायोटेक ने सौंपा कोवेक्सीन का डाटा



**हैदराबाद।** कंपनी भारत बायोटेक ने कोवाक्सिन के तीसरे चरण के क्लिनिकल परीक्षण का डाटा भारत के औषधि महानियंत्रक (डीसीजीआई) को सौंप दिया है। अब डीसीजीआई मंगलवार को इन आंकड़ों की समीक्षा करेगा। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के साथ भारत बायोटेक की प्री-सबमिशन बैठक से पहले आंकड़ों की समीक्षा बैठक हो रही है ताकि कोरोना वैक्सीन कोवाक्सिन को मंजूरी दी जा सके।

## समन्वय समिति और कैप्टन के बीच डेढ़ घंटे की बैठक



**चंडीगढ़।** पंजाब कांग्रेस की अंतर्कलह को सुलझाने के लिए कैप्टन अमरिंदर सिंह मंगलवार को संसद पहुंचे। उन्होंने पार्टी की तीन सदस्यीय समिति से मल्लिकार्जुन खड़गे के दफ्तर में मुलाकात की। मुलाकात करीब डेढ़ घंटे चली। कैप्टन अमरिंदर सिंह की सोनिया गांधी के साथ होने वाली बैठक पर पंजाब कांग्रेस के नेताओं की नजरें टिकी हैं। बेअदबी से लेकर विधायकों के बेटों को नौकरी तक के फैसलों के कारण अपनी ही पार्टी में घिरे कैप्टन को आलाकमान का कितना साथ मिलेगा, इसी पर नवजोत सिद्धू का भविष्य भी टिका है।

#### छह मंत्री और विधायक भी दिल्ली तलब

समिति ने पंजाब के छह मंत्रियों और छह विधायकों को भी दिल्ली बुलाया है। मंत्री सुखजिंदर सिंह रंधावा, तृप्त राजिंदर सिंह बाजवा, रजिया सुल्ताना, सुख सरकारिया, चरनजीत सिंह चन्नी और भरत भूषण आशू के अलावा विधायक परगट सिंह, राजा वड़िंग, कुलजीत नागरा, किकी ढिल्लो, संगत सिंह गिलजियां और इंदरबीर सिंह बुलारिया को तीन सदस्यीय समिति ने दिल्ली बुलाया है। इन नेताओं में ज्यादातर वही चेहरे हैं, जो मुख्यमंत्री द्वारा दो विधायकों के बेटों को सरकारी नौकरी देने का विरोध किया था। माना जा रहा है कि इस मुलाकात के बाद पंजाब कांग्रेस में बड़ा उलटफेर हो सकता है।

### खगोलीय घटना के पीछे ये है रहस्य

# 24 जून को आसमान में दिखेगा स्ट्रॉबेरी मून



**नई दिल्ली।** इस वर्ष 24 जून को ग्रीष्म संक्राति के बाद की पहली पूर्णिमा है और इस दिन एक अनोखी खगोलीय घटना दिखाई देगी। आसमान में 24 जून में चंद्रमा स्ट्रॉबेरी के रंग में दिखाई देगा। इसलिए इस घटना को स्ट्रॉबेरी मून कहा जाता है। चंद्रमा अपनी कक्षा में पृथ्वी से निकटता के कारण अपने सामान्य आकार से काफी बड़ा दिखाई देगा, तब इसे स्ट्रॉबेरी मून कहेंगे। इस पूर्णिमा के चांद को सुपरमून नहीं माना जाता है, जैसा कि मई माह में देखने को मिला था।

#### हाल ही में दिखी हैं कई खगोलीय घटनाएं

हाल ही के दिनों में कई खगोलीय घटनाएं देखने को मिली है। बीते दिनों में सुपरमून, ब्लडमून, चंद्र ग्रहण और फिर रिंग ऑफ फायर सूर्य ग्रहण दिखाई दिया था। अब 24 जून में स्ट्रॉबेरी मून भी बहुत खास होगा। हिंदू पंचांग के मुताबिक स्ट्राबेरी मून वसंत ऋतु की अंतिम पूर्णिमा और ग्रीष्म ऋतु की पहली पूर्णिमा का प्रतीक है।

#### इसलिए कहते हैं स्ट्रॉबेरी मून

स्ट्रॉबेरी मून का नाम दरअसल प्राचीन अमेरिकी जनजातियों से नाम मिला है, जिन्होंने स्ट्रॉबेरी के लिए कटाई के मौसम की शुरुआत के साथ पूर्णिमा को चिह्नित किया था। यूरोप में स्ट्रॉबेरी मून को रोज मून कहते हैं, जो गुलाब की कटाई का प्रतीक है। उत्तरी गोलार्ध में इसे गर्म चंद्रमा भी कहते हैं क्योंकि यह भूमध्य रेखा के उत्तर में गर्मी के मौसम की शुरुआत करता है।

## भारत-न्यूजीलैंड के बीच रोमांचक मोड़ पर फिर सकता है पानी



**साउथम्पटन।** इंडिया-न्यूजीलैंड के बीच इंग्लैंड के साउथम्पटन में आईसीसी वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप का फाइनल मुकाबला खेला जा रहा है। आज मैच का पांचवा दिन है। मैच का फाइनल मुकाबला रोमांचक मोड़ पर पहुंच चुका है। मैच का नतीजा किसी भी टीम के फेवर में जा सकता है, लेकिन मैच पर मौसम कहर बनकर टूट रहा है। साउथम्पटन में लगातार बारिश हो रही है। चौथे दिन यानी सोमवार को सुबह से ही बारिश हो रही है, ऐसे में अंपायरों ने लगभग साढ़े चार घंटे तक इंतजार करने के बाद खेल समाप्त करने एलान कर दिया। आज पांचवे दिन का मैच है, लेकिन बारिश की वजह से मैच नहीं होने की संभावना है। खेल का अधिकांश हिस्सा बारिश की वजह से प्रभावित रहा है। अभी तक के मैचों को देखा जाए तो कीवी टीम ज्यादा मजबूत नजर आ रही है। हालांकि भारत की गेंदबाजी को भी हल्के में नहीं लिया जा सकता है।



# बरही में 305 ने उत्साह से लगवाया सुरक्षा कवच

**कोरोना टीकाकरण महा-अभियान के पहले दिन दिखा गजब का उत्साह**

**बरही।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर समूचे प्रदेश के साथ ही तहसील क्षेत्र बरही के नगर परिषद बरही के शासकीय हायर सेकंडरी स्कूल वैक्सिनेशन सेंटर में 21 जून की सुबह महा वैक्सिनेशन अभियान के तहत सुरक्षा कवच टीका लगवाने लोगों में खासा उत्साह देखा गया। सुबह साढ़े 10 बजे तक 50 लोगों ने टीका लगवा लिया था, तो वहीं शाम के 5 बजे तक 305 लोगों ने अपना सुरक्षा कवच टीका लगवा लिया था। नगर परिषद प्रशासन द्वारा पूरे वैक्सिनेशन सेंटर को दुल्हन की तरह सजाया गया था, स्वागत द्वार, तोरण द्वार बनवाये गए थे। इस महा अभियान शिविर का फीता काटकर पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष सतीश तिवारी ने शुभारंभ कराया। इस अवसर तहसीलदार एस एन त्रिपाठी, प्रभारी सीएमओ मनोज कोरी, बीएमओ डॉ राममणि पटेल, नपा के लिपिक तीरथ प्रसाद रिंकू चौबे, रमेश तोमर सहित स्वास्थ्य विभाग, पंचायत विभाग के अधिकारी-कर्मचारी, शिक्षा विभाग सहित नगर परिषद का अमला मौजूद रहा।

# वैक्सीन लगवाने के लिए प्रेरित किया प्रेरकों ने

**गुलाबचंद्र शाला टीकाकरण केंद्र में रहीं बेहतर व्यवस्थाएं**



**कटनी।** कोरोना वेक्सीनेशन महा-अभियान की सफलता के लिए जिला प्रशासन द्वारा प्रेरकों की नियुक्ति की गई थी। जिन्होंने अपने दायित्व का बखूबी निर्वहन किया। नगर निगम सीमा के अंतर्गत स्थानीय स्टेशन रोड स्थित गुलाबचंद्र शाला टीकाकरण केंद्र में कोविड वेक्सीनेशन महाअभियान का शुभारंभ जिला प्रशासन द्वारा नियुक्त प्रेरक समाजसेवी सुश्री राजेन्द्र कौर लाम्बा ने किया। उन्होंने इस दौरान वार्ड के विभिन्न क्षेत्रों का भ्रमण करते हुए लोगों को वैक्सीन लगवाने के लिए प्रेरित किया। समाजसेवी सुश्री राजेन्द्र कौर लाम्बा ने कहा कि कोरोना के खिलाफ लड़ाई में वैक्सीन की सबसे बड़ा हथियार है और सभी को अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन करते हुए वैक्सीन लगवाना चाहिए। इस अवसर पर नगर निगम अधिकारियों, स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग, आंगनबाड़ी कार्यकर्त्ता का सहयोग रहा और सभी ने इस अभियान को सफल बनाने के लिए संकल्प लिया। केंद्र में बैठक व्यवस्था, साफ सफाई, पेयजल की उचित व्यवस्था रही एवं मास्क पहनने के लिए भी सभी को प्रेरित किया गया।

# फॉरेस्टर प्लेग्राउण्ड में सेंचुरी

**ड्राईव इन वेक्सीनेशन सेन्टर में 100 लोगों को लगे टीके**



**कटनी।** कोरोना वेक्सीनेशन महा-अभियान के तहत कटनी शहर में ड्राईव ईन वेक्सीनेशन सेन्टर की शुरुआत फॉरेस्टर प्लेग्राउण्ड में की गई। इसे लेकर शहरी क्षेत्र के नागरिकों में उत्साह देखने मिला। लोगों ने अपने वाहनों से पहुंचकर टीकाकरण कराया। कचहरी चौराहे से निकलने वाले लोगों को रोककर पुलिस उनसे वैक्सीनेशन की जानकारी ले रही थी और जिन्होंने टीका नहीं लगवाया था, उन्हें फॉरेस्टर प्लेग्राउण्ड के ड्राईव इन वेक्सीनेशन सेन्टर में टीका लगवाने के लिए कहा जा रहा था। जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. समीर सिंघई ने बताया कि इस दौरान करीब 100 लोगों को टीके लगाए गए।

# गुरुनानक वार्ड के टीकाकरण केन्द्र में दिव्यांगों के लिए व्यवस्था



**कटनी।** वेक्सिनेशन महा अभियान को लेकर शासन प्रशासन द्वारा वृहद स्तर पर तैयारियां की गई थीं। प्रत्येक टीकाकरण केन्द्र के लिए एक-एक प्रेरक नियुक्त किया गया था। अधिक से अधिक टीकाकरण हो इसमें प्रेरकों द्वारा महत्वपूर्ण भूमिका निभाई गई। नगर निगम क्षेत्र के गुरू नानक वार्ड में स्थित वेक्सिनेशन केन्द्र में दिव्यांगों के वैक्सिनेशन के लिये विशेष व्यवस्थायें रखी गईं। प्रेरक एड्वोकेट मौसूफ अहमद बिट्टू ने बताया कि दिव्यांगों के लिये विशेष व्यवस्थाओं का इंतजाम वैक्सिनेशन केंद्र में किया गया। जहां पर दिव्योंजनों के व्हीकल को टीकाकरण केंद्र तक लाने की व्यवस्था बनाई गई। पॉच से अधिक दिव्यांगों का वैक्सीनेशन सुगमता से किया गया। जिस पर दिव्यांगों एवं ऐसे बुजुर्गों, जिन्हें चलने फिरने में समस्या होती है उनके द्वारा व्यवस्था को सराहा गया।



# कैमोर में टीकाकरण के पहले दिन बना कीर्तिमान

## 350 का था टारगेट, 455 लोगों को लगा टीका

**कैमोर।** कल 21 जून से शुरू हुए टीकाकरण के महाअभियान में पहले दिन पूरे जिले में विजयराघवगढ़ क्षेत्र सबसे आगे रहा। विजयराघवगढ़ तहसील में सर्वाधिक टीकाकरण कैमोर के एसीसी स्कूल स्थित टीकाकरण केंद्र में हुआ। यहां 350 के लक्ष्य के मुकाबले 455 लोगों ने कोरोना की वैक्सीन लगवाई। इस उपलब्धि का श्रेय यहां स्वास्थ्य विभाग, नगर परिषद, जनप्रतिनिधियों, प्रेरकों और समाजसेवी संगठनों को जाता है, जिन्होंने अधिक से अधिक लोगों को टीका लगवाने के लिए प्रेरित किया। कलेक्टर प्रियंक मिश्रा ने भी ट्वीट कर टीकाकरण में अहम योगदान देने वाले तपस्या ग्रुप एवं जन अभियान परिषद की सराहना की है। कैमोर नगरीय छेत्र में कोविड वैक्सिनेशन के लिए एसीसी स्कूल में केंद्र बनाया गया था। टीकाकरण में सहयोग के लिए जनप्रतिनिधियों, समाजसेवी संगठनों एवं प्रतिष्ठितजनों को प्रेरक बनाकर उनसे सहयोग मांगा गया था। क्षेत्र के विधायक संजय सत्येन्द्र पाठक ने भी वीडियो जारी कर सभी से कोरोनारोधी वैक्सीन लगवाने की अपील की थी। प्रेरक एवं समाजसेवी जहां क्षेत्र में घूम-घूम कर लोगों को टीकाकरण के लिए प्रेरित करते रहे, वहीं स्वास्थ्य विभाग, नगर परिषद, प्रशासन एवं आंगनबाड़ी की टीम महाअभियान की तैयारी में जुटी रही। टीकाकरण केंद्र में पंडाल लगवाकर उसे झिलमिल पन्नियों व रंगीन गुब्बारों से सजाया गया था। टीका लगवाने आने वालों के लिए पेयजल आदि का भी इंतजाम किया गया था। सुबह 9 बजे से ही लोग टीकाकरण केंद्र में पहुंचने लगे थे। तय समय पर नगर परिषद के पूर्व उपाध्यक्ष पप्पू शर्मा, पूर्व पार्षद एवं जन अभियान परिषद की वालिंटियर शांति यादव, पूर्व पार्षद समाजसेवी संतोष केवट, तपस्या ग्रुप के संचालक मनीष नवैत नगर परिषद के प्रभारी सी एम ओ पृथ्वी राज सिंह प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की प्रभारी डॉ मोहिता दीक्षित आदि की उपस्थिति में टीकाकरण का शुभारंभ किया गया। टीका लगवाने आने वालों की भीड़ हर घन्टे बढ़ती चली गई। यहां तक कि सोशल डिस्टेंस मेंटेन करने लोगो को टोकन जारी करना पड़ा।



### 4 बजे पूरा हो गया टारगेट

केंद्र की प्रभारी डॉ मोहिता दीक्षित ने बताया कि कैमोर के इस सेंटर को 350 का लक्ष्य दिया गया था। यह लक्ष्य शाम 4 बजे ही पूरा हो गया था, इसके बाद भी सेंटर में काफी लोग उपस्थित रहे, जिसके चलते शाम 6 बजे तक टीकाकरण चलता रहा। यहां कुल 455 लोगों को टीके लगे।

### कलेक्टर ने ट्वीट कर की सराहना

विजयराघवगढ़ और कैमोर क्षेत्र में टीकाकरण के प्रति लोगों का उत्साह सराहनीय है। इसका श्रेय यहां प्रेरकों को जाता है, जिन्होंने लोगों को टीका लगवाने के लिए प्रेरित किया। कलेक्टर प्रियंक मिश्रा ने यहां काम कर रहे सामाजिक संगठन जन अभियान परिषद और तपस्या ग्रुप की सराहना करते हुए सभी के प्रति आभार जताया है।

### आदिवासी महिला ने दिखाया साहस

यहां 800 की आबादी वाली आदिवासी बस्ती है। आदिवासी समाज के लोग वैक्सीन को लेकर इतने भयभीत थे कि अपरान्ह 3 बजे तक इस बस्ती से एक भी व्यक्ति टीका लगवाने नही आया। बाद में बस्ती की एक महिला ने साहस दिखाते हुए खुद केंद्र पहुंच कर टीका लगवाया। टीका लगवाकर बस्ती में सकुशल लौटी इस महिला ने जब लोगों को अपने अनुभव बताए तब कहीं आदिवासी बस्ती में थोड़ा जागरूकता आई। शाम तक बस्ती के 40 लोग टीका लगवा चुके थे। यहां टीकाकरण के लोगों को प्रेरित करने में संध्या दीक्षित, वंदना तिवारी, आश्चर्य तिवारी, रामदुलारी गुप्ता, अनीता सिंह, शिवम तिवारी सहित अन्य ग्रामीणो का योगदान रहा।

### बड़ारी में दोपहर बाद बड़ा रुझान



खनिज श्रमिक बहुल क्षेत्र बड़ारी में विजयराघवगढ़ के बीएमओ डॉ विनोद, पूर्व जनपद सदस्य एवं प्रेरक दुर्गा विश्वकर्मा, सरपंच चमनलाल दहिया आदि की उपस्थिति में टीकाकरण कार्य का शुभारंभ हुआ। सुबह से दोपहर तक टीका लगवाने केंद्र तक आने वालों की रफ्तार धीमी रही। दोपहर बाद से लोगों का आना शुरू हुआ। बाद में काफी संख्या में लोग टीका लगवाने पहुंचे। यहां शाम तक 240 लोगों ने राजी खुशी वैक्सीन लगवाई।

# विजयराघवढ़ में भी लोगों ने निभाई सहभागिता





**विजयराघवगढ़।** राज्य शासन के आव्हान पर सातवे अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष में शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में बने वैक्सीनेशन केंद्र में कोरोना वैक्सीनेशन महा -अभियान के अवसर पर मुख्य अतिथि भाजपा मंडल अध्यक्ष मनीष मिश्रा सहित पंडित जागेश्वर प्रसाद मिश्रा, तहसीलदार जितेंद्र पटेल, सीएमओ सुश्री पूजा बुनकर, बीआरसीसी डी के अहिरवार द्वारा राष्ट्रीय नेताओं के छाया चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित किया गया, इसके उपरांत कोरोना वैक्सीनेशन महा अभियान का श्री गणेश रिबिन काटकर किया गया। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष श्री मिश्रा ने बताया की प्रशासन के आवाहन पर अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में कोरोना वैक्सीनेशन महाअभियान का श्री गणेश किया गया, जो कि 30 जून तक संचालित किया जाएगा, इसके लिए जिले से लेकर तहसील क्षेत्र तक सेंटर चिन्हित किए गए हैं, जहां 10 दिन तक क्षेत्रीय लोगों को टीका लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। तहसील क्षेत्र के ग्रामीण क्षेत्रों में स्थानीय प्रशासन द्वारा सेंटर्स बनाए गए हैं, जहां आवश्यक व्यवस्थाएं की गई है। पत्रकार जागेश्वर मिश्रा ने जागरूकता का संदेश देते हुए बताया कि आज देशभर में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया जा रहा है, जो शारीरिक और मानसिक कल्याण के लिए आवश्यक है, जिसके अंतर्गत

**महा-अभियान का रिबिन काटकर शुभारंभ**

कोरोना वैक्सीनेशन महा अभियान का आज विजयराघवगढ़ वैक्सीनेशन सेंटर में शुभारंभ किया गया है, जिसमें लोगों को जागरूक कर वैक्सीन लगवाने की प्रेरणा देना चाहिएद्ध एवं न कतराएं, न घबराएं, अपना सुरक्षा कवच अपनाएं। तहसीलदार श्री पटेल एवं नगर परिषद की मुख्य नगरपालिका अधिकारी सुश्री बुनकर ने बताया की वैक्सीनेशन महा अभियान को सफल बनाने हेतु प्रशासन के निर्देशन में विभिन्न तैयारियों को अंतिम रूप दिया गया है, जिसे समाज के सभी वर्गों से सहयोग की अपील की गई है। इस दौरान ज्यादा से ज्यादा लोग वैक्सीन लगवाने हेतु वैक्सीनेशन केंद्र पहुंच रहे हैं, जिसकी जवाबदारी प्रेरकों को सौंपी गई है, वही प्रेरकों द्वारा लोगों को जागरूक कर सहयोग किया जा रहा है। बीआरसीसी श्री अहिरवार ने बताया कि आज से शुरू इस महा अभियान में ग्रामीण क्षेत्रो के सेंटरो में भी टीका लगाया जाएगा। जिसमे शिक्षा विभाग द्वारा लोगों को जागरूक कर वैक्सीन लगाने में सहयोग किया जावेगा। इस अवसर पर शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की प्राचार्य श्रीमती सरस्वती मिश्रा, ओ पी सोनी मुख्यालय पटवारी बिष्णु दीवान, डीईओ मोहित वल्कि, एएनएम सुश्री रुकमणी, अंजना सोनी, सुमन पटेल, अशोक महोबिया, आशा सहयोगी शिव नंदनी नामदेव, शेख राजू, सुरेंद्र शर्मा, राम सिया बर्मन, बृजेश सोनी, राजेंद्र सिंह, विपिन बर्मन, भागवती चौधरी, गोपाल गुप्ता सहित आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं एवं आशा सहयोगी यों की उपस्थित रही।



# दिव्यांग राम नरेश ने निभाई अपनी जिम्मेदारी

**टीकाकरण केन्द्र पहुंचकर कराया अपना वेक्सीनेशन**

**कटनी।** कोरोनो वैक्सिनेशन महा अभियान के अंतर्गत जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में वैक्सीनेशन को लेकर नागरिकों में खासा उत्साह देखने को मिला। ग्रामीणों द्वारा बढ़-चढ़कर उत्साह के साथ कोरोना संक्रमण से बचाव के लिये सुरक्षा कवच के रूप में वैक्सीन लगवाई गई। अमहेटा निवासी दिव्यांग रामनरेश ने भी अपने स्वयं के स्वास्थ्य अपने परिवार और समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाई। वह अपने नजदीकी टीकाकरण केंद्र में मोट्राइज्ड ट्राईसाइकलसे पहुंचे जहां उन्होंने टीका लगवाया। अपने अनुभव साझाा करते हुये रामनरेश ने बताया कि टीकाकरण को लेकर प्रारंभ किया गया यह महाभियान बहुत अच्छी पहल है। मैंने सुगमता से यहां पर अपना टीका लगवाया, मुझे कोई भी दिक्कत नहीं हुई यह टीका पूर्णतः सुरक्षित है।

# रीठी में वेक्सीनेशन कराने वालों को भेंट किए पौधे

**4 टीकाकरण केन्द्रों में 1 हजार से अधिक लोगों को पौधों का वितरण**



**कटनी।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के आव्हान पर 21 जून को कोरोना वेक्सीनेशन का महा-अभियान पूरे प्रदेश में चलाया जा रहा है। प्रदेश के साथ ही जिले में वृहद् स्तर पर शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में कोविड टीकाकरण का कार्य जारी है। नागरिकों में वेक्सीनेशन को लेकर खासा उत्साह देखा जा रहा है। अधिक से अधिक लोग टीकाकरण केन्द्र में आयें और वेक्सीनेशन करायें। इसके लिये विभिन्न नवाचार प्रशासन द्वारा किये गये हैं। इसी कड़ी में रीठी विकासखण्ड में चार टीकाकरण केन्द्रों में वेक्सीनेशन कराने वाले नागरिकों को प्रकृति से जोड़ने और पौधों के संरक्षण के लिये उपहार स्वरुप पौधे भेंट किये गये। सीईओ जनपद प्रदीप सिंह ने बताया कि टीकाकरण केन्द्र बरजी, बड़ागांव, घुघरा और हरद्वारा कला में यह पहल की गई थी। इस दौरान एक हजार नागरिकों को, जिन्होने अपना वेक्सीनेशन कराया है, उन्हें पौधे उपहार स्वरुप दिये गये हैं।



# विधायकों ने किया शुभारंभ टीकाकरण के लिए किया प्रेरित

**वेक्सीनेशन का दिलाया संकल्प, कहा-सभी का साथ जरूरी**

**कटनी।** सम्पूर्ण प्रदेश के साथ ही जिले में भी वेक्सीनेशन महा-अभियान की शुरुआत सोमवार को हुई। राज्य शासन द्वारा जारी निर्देशों के तहत सभी टीकाकरण केन्द्रों के लिये प्रेरकों को नियुक्त किया गया था। प्रशासन द्वारा नियुक्त किये गये प्रेरकों द्वारा अपने-अपने टीकाकरण केन्द्रों में महापुरुषों के चित्रपट पर पुष्प अर्पित कर शुभारंभ किया गया। जिले में 131 टीकाकरण केन्द्र स्थापित किये गये थे। सभी केन्द्रों में उत्साह के



साथ नागरिकों द्वारा टीकाकरण कराया गया। कन्हवारा स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पहुंचकर टीकाकरण केन्द्र का औपचारिक शुभारंभ विधायक संदीप जायसवाल ने किया। साथ ही उन्होंने सभी लोगों को टीकाकरण कराने के प्रति प्रेरित भी किया। बहोरीबंद विधायक प्रणय पाण्डेय गौरहा और तेवरी टीकाकरण केन्द्र पहुंचे। जहां उन्होंने वेक्सीनेशन अभियान का औपचारिक शुभारंभ किया। उनके द्वारा उपस्थित जनों को कोविड वेक्सीनेशन का संकल्प भी दिलाया गया। बड़वारा में विधायक विजयराघवेन्द्र सिंह द्वारा टीकाकरण केन्द्र का शुभारंभ किया गया। जहां उन्होने उपस्थिजनों को टीकाकरण के प्रति प्रेरित किया। भाजपा जिला अध्यक्ष ने पुरानी कचहरी परिसर पहुंचकर विधि विधान से वेक्सीनेशन कैम्पेन का शुभारंभ किया। बस स्टेण्ड स्थित ऑडिटोरियम में वेक्सीनेशन कैम्प की शुरुआत पूर्व महापौर शशांक श्रीवास्तव ने की। साथ ही उपस्थित नागरिकों को संकल्प भी दिलाया। जिले में सभी 131 टीकाकरण केन्द्रों में प्रेरकों द्वारा वेक्सीनेशन कैम्प की औपचारिक शुरुआत की गई।

श्री राम हॉस्पिटल
श्रीराम मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
आदर्श कॉलोनी, मेन रोड, नई बस्ती, कटनी 483501 (म.प्र.)
फोन : 07622-408444, 409444 मोबा. 8982275111, 8982275222, 8982275333
प्रतिदिन उपलब्ध
डॉ. बलदेव सिंह
MD (GENERAL MEDICINE) फैमली फिजीशियन
पूर्व चिकित्सक अपोलो हॉस्पिटल
हृदय, छाती, गुर्दा एवं मधुमेह रोग विशेषज्ञ
प्रतिदिन उपलब्ध
डॉ. गगन सोनी
BDS डेंटल सर्जन
कटनी के सुप्रसिद्ध
दंत एवं मुख रोग विशेषज्ञ
डॉ. अनुराग खरे
डॉ. कनिका अग्रवाल
डॉ. जाकिर हुसैन
डॉ. अनिमेश गुप्ता
24x7 दवाईयाँ एम्बुलेंस कैंटीन पार्किंग
उपलब्ध विभाग
हेल्पलाईन नं. 8982275111
उपलब्ध सुविधायें
• मेडीसिन विभाग • हृदय रोग विभाग • स्त्री एवं प्रसूति विभाग • दंत रोग विभाग • हड्डी रोग विभाग • त्वचा एवं सौंदर्य विभाग
• शिशु रोग विभाग • मस्तिष्क रोग विभाग • ट्रामा विभाग • कैंसर विभाग • फिजियोथेरेपी विभाग • प्लास्टिक एंड कॉस्मेटिक सर्जरी
• नार्मल डिलेवरी • सीजेरियन डिलेवरी • लेप्रोस्कोपिक सर्जरी • जनरल सर्जरी • आई.सी.यू. वार्ड
• सेमी. प्रायवेट वार्ड • जनरल वार्ड • मॉड्यूलर ऑपरेशन थियेटर • हेयर ट्रांसप्लांट
भर्ती मरीजों के लिए निःशुल्क भोजन की व्यवस्था
सभी प्रकार की सर्जरी एवं भर्ती की सुविधा उपलब्ध

यश भारत

# सिटी न्यूज

कटनी, मंगलवार, 22 जून 2021

आज की खबर अभी , आप रहें घर पर
सोशल मीडिया के प्लेटफार्म पर यशभारत
www.yashbharat.com
https://www.facebook.com/yashbharatnews/
YASHBHARAT-Epaper

**लिंक पर क्लिक करते ही खाते से निकल गए 20 हजार**

# ओएलएक्स एप पर कार बेचने का विज्ञापन करना पड़ा महंगा

## बरगवां निवासी युवक हुआ ऑनलाइन ठगी का शिकार

**कटनी।** प्रदेश में आए दिन ऑनलाइन ठगी के मामले बढ़ते जा रहे हैं। ताजा मामला सूबे के कटनी में सामने आया। यहां सेकंड हेंड सामान बेचने-खरीदने वाली ऑनलाइन एप ओएलएक्स पर कार बेचने के लिए उसका फोटो और अपना मोबाइल नंबर डालना एक युलक को भारी पड़ गया। युवक से कार खरीदने के लिए ठग ने खुद को आर्मी का रिटायर्ड अफसर बताते हुए संपर्क किया और कार खरीदने की इच्छा जताई। सायबर ठग ने एडवांस रुपए देने के लिए ऑनलाइन मनी ट्रांसफर फोनपे एप का नंबर मांगा। जैसे ही कार बेचने वाले युवक ने अपना फोनपे नंबर भेजा, तुरंत ही उस पर एक क्यूआर कोड लिंक आ गया। सामने से ठग ने कहा कि इसपर स्केन कर दें ताकि कार की एडवांस राशि भेज सकूं लेकिन जैसे ही युवक ने क्यूआर कोड को स्कैन किया। उसके खाते से तुरंत ही 20 हजार रुपए निकल गए।

### रिटार्यड आर्मी अफसर बनकर की ठगी

इसके बाद सामने जिस आर्मी के रिटार्ड अफसर से युवक की बात हो रही थी, उसकी फोन लाइन भी कट हो गई। इसके बाद उसे एक मैसेज प्राप्त हुआ, जिसमें उसके खाते से रकम निकाले जाने की कंफर्मेशन आई। इसपर युवक ने तुरंत ही रिटर्न फोन किया लेकिन उसका संपर्क नहीं हो सका। इसपर युवक को अपने साथ हुई ठगी का अहसास हुआ और उसने तुरंत ही इस संबंध में इसकी शिकायत पुलिस में की। फिलहालए पुलिस ने शिकायत के आधार अज्ञात सायबर ठग के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

### जांच में जुटी पुलिस

मामले की जांच में जुटी रंगनाथ थाना पुलिस के मुताबिक थाना अंतर्गत वंश स्वरुप वार्ड निवासी संदीप कुमार रजक कार को बेचना चाहता थाए इस संबध में उसने अपनी कार का फोटो और अपना नंबर ओएलएक्स एप पर अपलोड किया था। युवक के उसी नंबर पर कार खरीदना के संबंध में कॉल आया। कार खरीदने की इच्छा जाहिर करने वाले ठग ने खुद को रिटार्यड आर्मी ऑफिसर बताया था। कार खरीदने की बात कहकर उसके द्वारा एडवांस भेजने के लिए फोनपे नंबर की मांग की। नंबर भेजने पर फोनपे पर क्यूआर कोड रिक्वेस्ट आई जिसे ठग द्वारा स्कैन करने की बात कही गई। संदीप द्वारा जैसे ही कोड स्कैन किया उसके खाते से तुरंत ही 20 हजार रुपए कट गए।

### लोगों की लापरवाही बना रही सायबर ठगी का शिकार

फिलहाल पुलिस अधीक्षक मयंक अवस्थी द्वारा सायबर ठगी से बचने के लिये जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत साइबर ठगों से सावधान रहने की हिदायत दी जा रही है। बावजूद इसके कुछ लोग सावधानी नहीं बरत रहे। पुलिस का मानना है कि लोगों की लापरवाही ही साइबर ठगी का बड़ा कारण है।



# बेलगाम ट्रक ने बाइक सवारों को रौंदा

## सास-ससुर की मौत, दामाद घायल

**ढीमरखेड़ा के रामपुर बैरियर के समीप दर्दनाक हादसा**

**कटनी।** ढीमरखेड़ा थाना अंतर्गत रामपुर बैरियर के समीप रविवार की दोपहर बेलगाम ट्रक व मोटर सायकल के बीच हुई जोरदार भिड़ंत में मोटर सायकल सवार सास, ससुर व दामाद में से सास-ससुर की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई जबकि दामाद घायल हो गया। ढीमरखेड़ा थाना प्रभारी अर्चना सिंह के मुताबिक ग्राम खमतरा निवासी 75 वर्षीय जियालाल बर्मन अपनी 65 वर्षीय पत्नी शांतिबाई के साथ ग्राम जुनवानी निवासी दामाद अर्जुन पिता पूरनलाल बर्मन के यहां आयोजित विवाह समारोह में शामिल होने गया था। शादी होने के बाद रविवार को दामाद अर्जुन पिता पूरन लाल अपने सास शांतिबाई व ससुर जियालाल को मोटर सायकल में बैठाकर वापस खमतरा छोडने जा रहा था। इसी दौरान रामपुर बैरियर के पास ट्रक क्रमांक एमपी20जीए-6902 से बाइक की भिडंत हो गई। जिसके कारण बाइक सवार सास व ससुर की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई जबकि दामाद घायल हो गया। हादसे की जानकारी लगते ही पुलिस मौके पर पहुंची और बुजुर्ग दंपति के शव को पीएम के लिए भिजवाते हुए आरोपी चालक को हिरासत में लेकर ट्रक को जप्त कर ढीमरखेड़ा थाना में खड़ा कराया है। पुलिस ने आरोपी चालक के विरूद्ध धारा 279, 337, 304 व मोटर व्हीकल एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है।

# रीठी के युवाओं ने किया योग



### एमपी मेमोरियल स्कूल प्रांगण में कार्यक्रम

**रीठी/कटनी।** शरीर सब धर्मों का पालन करने का माध्यम है। पहला सुख निरोगी काया है। शरीर का स्वस्थ्य रहना, निरोग रहना, हर लक्ष्य को हासिल करने के लिए आवश्यक है। शरीर को स्वास्थ्य रखने के लिए अगर कोई रामबाण है तो वह योग है। इसी भावना को और मजबूत करते हुए 21 जून अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य पर रीठी नगर के एमपी मेमोरियल स्कूल प्रांगण में सुबह करीब आठ बजे कोविड-19 की गाइडलाइन का पालन करते हुए युवाओं द्वारा योग कर सूर्य नमस्कार किया। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर युवाओं में योग करने का खासा उत्साह देखने को मिला। कोरोना काल को देखते हुए कुछ युवाओं ने अपने-अपने घरों में ही योग किया। इस दौरान भाजपा मंडल अध्यक्ष मयंक कंदेले, लकी चौदहा, पलाश जैन, धीरज लखेरा, दीपक रैदास, प्रथम ताम्रकार, मनोज पाटकर, नंदू पटेल, कमलेश पटेल, बसंत पटेल, हर्ष कंदेले, प्रभात जैन सहित अन्य जन उपस्थित थे।

## स्वयंसेवियों ने किया योग



राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ महाविद्यालय छात्रों के द्वारा सरस्वती स्कूल नई बस्ती में सुबह सोशल डिस्टेंस का पालन करते हुए अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर योग के महत्व को बताते हुए यम नियम पर चर्चा करते हुए योग शिविर का आयोजन हुआ।

## योग दिवस पर भाजपा नेताओं ने किया लोगों को जागरूक

कटनी। योग हमारी वह सनातन प्राचीन विरासत है जिसे सम्पूर्ण विश्व ने स्वीकारा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल नेतृत्व की बदौलत पूरी दुनिया में योग दिवस मनाया जा रहा है। यह पुनः भारत के विश्वगुरु बनने के स्वप्न के पूरे होने जैसा है। न्यू कटनी मंडल में अंतराष्ट्रीय योग दिवस के दिन न्यूकटनी मंडल मे भाजपा द्वारा परोहा मार्केट मैदान मे योग कर योग दिवस मनाया गया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष रामरतन पायल मंडल अध्यक्ष मनीष दुबे, योग शिक्षक वी. डी. राठौर एवं अर्नव शर्मा, रवि खरे, पंचम दाहिया, ममता बंसल, अभिषेक शर्मा, आशीष मिश्र, राजू जायसवाल, गौरी शंकर पटेल, अमित पिल्लई, राकेश चक्रवर्ती, राजकुमार चकरवर्ती, रुद्र श्रीवास आदि पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्तिथ थे। इस कार्यक्रम के प्रभारी अमित पिल्लई थे।

# शासकीय कन्या महाविद्यालय में मनाया गया योग दिवस





**कटनी।** अन्तराष्ट्रीय योग दिवस शासकीय कन्या महाविद्यालय कटनी में शासन के निर्देशानुसार कोविड-19 को ध्यान में रखते हुए योग दिवस मनाया गया। ऐसी स्थिति मे महाविद्यालय के समस्त अधिकारी/कर्मचारियो व छात्राओ ने अपने-अपने घर पर ही रह कर योग दिवस मनाया और उससे संबधित फोटो व वीडियों महाविद्यालय को व्हाट्सएप से प्रस्तुत किया महाविद्यालय की एनसीसी व एनएसएस की अधिकाश छात्राओं ने इसमे अपनी सहभागिता सुनिश्चित की। अन्तराष्ट्रीय योग दिवस के कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ आर.के .गुप्ता, सहायक प्राध्यापक डॉ. किरण खरादी, श्रीमती सुनीता श्रीवास्तव, डॉ. वीणा सिंह, डॉ. प्रज्ञा अग्रवाल, बिनेश यादव, एनएसएस प्रभारी श्रीमती पुष्पा कुशरे, एनसीसी प्रभारी श्रीमती नेहा चौधरी गंथपाल श्रीमती संध्या निग, समस्त जनभागीदारी शिक्षक व कर्मचारियों ने अपनी सहभागिता दी।

## जायंट्स सहेली ने मनाया योग दिवस



अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष में जायंट्स ग्रुप ऑफ कटनी सहेली के द्वारा योग किया गया। जिसमें कोरोना महामारी में स्वस्थ और निरोग रहने के टिप्स भी बताए गए जिसमें प्रिया श्रीवास्तव दीपाली गुप्ता सुषमा गोस्वामी लिली गुप्ता कीर्ति गुप्ता और दीपिकशर्मा की उपस्थिति रही।

# करे योग रहें निरोग का संदेश





**कटनी।** नेहरू युवा केंद्र के तत्वावधान में 7वा अंतराष्ट्रीय योग दिवस पर जिला युवा अधिकारी कुमारी कीर्तिका कुहर एवं लेखा कार्यक्रम सहायक राजकुमार अग्रवाल के निर्देशानुसार नेहरू युवा केन्द्र के ब्लॉक विजयराघवगढ़ के ऐतिहासिक स्थल राजा सरजू प्रसाद के किले विजयराघवगढ़ एबहोरीबंद विकासखंड के खिरिया पिपरिया, महगवां, ढीमरखेड़ा विकासखंड के धरवारा, उमरियापान, घुघराएबडवारा विकासखंड के रोहनिया, बडवारा, पटरा, रीठी विकासखंड के रीठी मुख्यालय, कटनी विकासखंड के कटनी मुख्यालय आदि गावों, कस्बों में राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवकों द्वारा अपने परिवार एवं आसपडोस के लोगों को प्रेरित कर घर पर रहकर कोविड-19 का पालन करते हुए योगा गतिविधियां आयोजित की गई। इस अवसर पर योग एवं प्राणायाम के माध्यम से लोगों की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने एवं तनाव से मुक्ति हेतु विभिन्न आसनों के माध्यम से लोगों को जागरूक किया गयाद्य इस अवसर पर महक बड़गैया, आदित्य दुबे, शुभम श्रीवास, नरेन्द्र कुशवाहा, सोनाली ताम्रकार, अंकित सोनी, सतीश साहू, विवेक गौतम, मिथलेश कुमार, राम कुमार, साक्षी सोनिया, तृप्ति जैन, अशोक चौहान, पूर्व राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक अमित गर्ग, पंकज नामदेव, मनोज चौधरी, विकास यादव, धीरेन्द्र द्विवेदी, विभिन्न युवा मंडलों व महिला मंडलों के सदस्यगण हर्ष नामदेव, अनुप्रिया सोनी, साक्षी, पलक, कृष्णा, सत्यम, सुप्रिया सोनी आदि मौजूद रहे।


किराये से देना है
सिंगल रूम अटैच- 3000 प्रतिव्यक्ति
सर्विस वालों एवं ऑफिस के लिए- 5000 दो व्यक्ति
पता- बीजेपी कार्यालय के सामने
जबलपुर रोड बरगवां कटनी (म.प्र.)
मो. 8109417340

# गर्भ समापन कानून मां के जीने के अधिकार की गारंटी देता है : नवीन

## गर्भ के चिकित्सकीय समापन कानून पर सीसीएफ की ई-कार्यशाला

**कटनी।** मेडिकल टर्मिनेशन एक्ट का बुनियादी आधार महिला की गरिमा और जीवन की सुरक्षा करना है इसलिए यह कानून अन्य भारतीय कानूनों के साथ गतिरोध की परिस्थिति निर्मित करता है।इसके बाबजूद महिला के जीने के अधिकार को यह कानून हर परिस्थितियों में सुनिश्चित करता है।इसलिए बाल कल्याण समितियो एवं अन्य स्टेक होल्डर्स को इस बुनियादी भावना के अनुरूप कानून के प्रावधानों का प्रयोग करना चाहिये।

यह बात आज प्रख्यात कानूनविद नवीन कुमार ने चाईल्ड कंजर्वेशन फाउंडेशन की 51 वी ई संगोष्ठी सह प्रशिक्षण कार्यशाला को संबोधित करते हुए कही। कार्यशाला में हिमाचल प्रदेश की बाल सरंक्षण आयोग की अध्यक्ष श्रीमती वंदना योगी ने भी शिरकत की।




नवीन कुमार ने बताया की गर्भ का चिकित्सकीय समापन कानून अब 24 सप्ताह तक गर्भ के समापन की अनुमति देता है। इस कानून का निर्माण 1964 में शांतिलाल शाह की अध्यक्षता में गठित एक कमेटी की सिफारिशों पर 1971 में किया गया था। तत्समय मातृ मृत्यु दर में अत्यधिक व्रद्धि के मद्देनजर इस कानून को बनाकर अबॉर्शन को विधिक बनाने का सोचा गया था। इसे परिवार नियोजन के सहायक कानून के रूप में भी महत्वपूर्ण माना गया था। श्री नवीन के अनुसार भारत में इस समय स्वास्थय सुविधाओं का बुनियादी ढांचा न्यूनता का शिकार है। डॉक्टर्स एवं सहबद्ध सेवाओं की स्थिति वैश्विक मापदंडों पर बहुत पीछे है। अभी भी देश में47 फीसदी अबॉर्शन नर्स एएएनएम या दाइयों के हाथों से होते है। यह एक जोखिम भरा ट्रेंड है।

उन्होंने बताया कि गर्भ का चिकित्सकीय समापन कानून आईपीसीएसी आरपीसी, पॉक्सो एक्ट, पीएनसीडीटी एजेजे एक्ट जैसे कानूनों के तमाम प्रावधानों के साथ गतिरोध की स्थिति खड़ा करता है, क्योंकि आईपीएस कहती है कि अपराध के साक्ष्य सरंक्षित किया जाना अनिवार्य है लेकिन एमटीपी एक्ट गर्भ समापन की बात करता है।

श्री नवीन के अनुसार रेप पीड़ित किसी भी महिला या बालिका के प्राथमिक उपचार से इनकार किया जाना संगीन अपराध की श्रेणी में आता है। उन्होंने बताया कि सुचित्रा श्रीवास्तव बनाम चंडीगढ़ प्रशासन के मामले में सुप्रीम कोर्ट यह स्पष्ट कर चुका है कि किसी बच्चे को जन्म देना उसकी माँ का बुनियादी अधिकार है। उन्होंने बताया कि एमटीपी की धारणा मां के जीवन जीने के अधिकार को हर हाल में सुरक्षित रखना है इसलिए यह एक्ट अनचाहे या माँ के जीवन को जोखिम में डालने वाले भूर्ण की हिफाजत या जीवन को प्राथमिकता नहीं देता है।

यदि आप तक समय पर यश भारत नहीं पहुंच रहा है तो संपर्क करें फोन :- 230033

एम.जी.एम. हास्पिटल एण्ड रिसर्च सेंटर
त्वचा, गुप्त एवं कुष्ठ रोग विशेषज्ञ
डॉ. हितेश लोकवानी
एम.बी.बी.एस., एम.डी.
डरमेटोलॉजिस्ट एवं
कॉस्मेटोलोजिस्ट
(दिनांक 23/06/2021 दिन
बुधवार समय प्रातः 10:30 बजे से
दोपहर 03:00 बजे तक)
उपलब्ध उपचार
कील एवं मुहासों का इलाज, गंजेपन का इलाज, सोरायसिस का इलाज, मस्से एवं तिल का इलाज, काले दाग एवं सफेद दाग का इलाज, स्किन ग्लो एवं झाईयों का इलाज, बालों के झड़ने का इलाज (पुरूष/महिला), अनचाहे बाल लेजर से हटाना (शरीर के किसी भी अंग से), बाली से कटा कान जोड़ना बिना टांके, बिना पट्टी मशीन द्वारा जोड़ना।
माह के दूसरे एवं चौथे बुधवार को प्रातः 10:00 बजे से दोपहर 02:00 बजे तक उपलब्ध रहते है।
नोट- असुविधा से बचने के लिए रजिस्ट्रेशन अवश्य करायें।
पता- एम.जी.एम. हास्पिटल एण्ड रिसर्च सेंटर फॉरेस्टर प्लेग्राउंड के पास कचहरी चौक, कटनी, फोन- 07622-405070,71,72

# कोरोना में जिन बच्चों के छूटे स्कूल उनकी गांव-गांव तलाश




## बड़ी संख्या में शिक्षा से दूर हुए बच्चे, स्कूल शिक्षा विभाग कर रहा चिंता

**कटनी।** कोरोना संक्रमण में पिछले डेढ़ साल से स्कूल बंद है। लाकडाउन लगने से कई परिवारों के सामने आर्थिक संकट खड़ा है। ऐसे में कई गरीब एवं मध्यमवर्गीय परिवार ना तो स्कूल की फीस जमा कर पा रहे हैं ना ही बच्चों को पढ़ा पा रहे हैं। बड़ी संख्या में बच्चे शिक्षा से दूर हो गए हैं। उन बच्चों की चिंता अब स्कूल शिक्षा विभाग कर रहा है। अब ऐसे बच्चों की खोजबीन जिले में शुरू की जा रही है। जो किन्हीं कारणों से स्कूल से बाहर हैं जिसके चलते ट्रांजेशन लॉस भी बढ़ रहा है। सूत्रों के अनुसार जिले में 3 से 15 वर्ष की आयु के बीच में एक लाख बच्चे हैं जो कि प्राथमिक एवं माध्यमिक स्तर के हैं। इसमें कितने छात्रों का स्कूलों में नामांकन दर्ज है और कितनों का नहीं है इस बात की जांच शहर से लेकर गांव तक कराई जा रही है। ताकि ऐसे बच्चों को चिन्हित कर उनको वापस स्कूलों में दाखिला दिलाया जा सके।

### शिक्षकों को जिम्मेदारी

इस कार्य के लिए शिक्षकों को जवाबदारी दी जा रही है। ग्राम वार सूची शिक्षकों को सौंपी जाएगी। हर शिक्षक को 10 से 20 बच्चों की जवाबदेही दी जाएगी। संस्था प्रमुख इसे तय करेंगे। शिक्षक बच्चों और उनके अभिभावकों से संपर्क कर बच्चों को शिक्षा की मुख्यधारा में लाने के लिए प्रयास करेंगे।

### बड़ी संख्या में होता है पलायन

बड़ी संख्या में ग्रामीण काम धंधे की तलाश में परिवार सहित पलायन कर जाते हैं। लाकडाउन के चलते काम धंधा ना होने के कारण कई परिवार वापस आ गए। जिसके चलते उनके बच्चों की भी पढ़ाई भी प्रभावित हो गई। ना तो उनका प्रवेश हो सका ना ही अधूरी पढ़ाई पूरी हो सकी। ऐसे बच्चों को तलाश कर फिर से स्कूलों में प्रवेश दिलाने के लिए शिक्षा विभाग के लिए चुनौती बना हुआ है। पंचायत के माध्यम से भी इसकी जानकारी ली जाएगी।

## जायंट्स ग्रुप ऑफ वैदेही का योगा-डे




विश्व योग दिवस पर जायंट्स ग्रुप आफ वैदेही मुड़वारा कटनी की अध्यक्ष श्रीमति संतोष जैन ने अपने ग्रुप के सदस्यों के साथ तुलसी गार्डन में करो योग, रहो निरोग, अनुलोम विलोम, कपाल भारती, मंडूक आसन जैसे योग किया। जिसमे मंजू नेमा, निशा तिवारी, शशी यादव, रश्मि सरावगी, सविता पुरवार, रेनु चौहदा की उपस्थिति रही।

# बिजली की दरों में बढ़ोत्तरी का विरोध

## दिल्ली सरकार की तर्ज पर मिले सस्ती बिजली, आम आदमी पार्टी ने ज्ञापन सौंपकर की मांग



**कटनी।** प्रस्तावित बिजली दर वृद्धि में रोक व बढ़े हुए बिजली बिल वापस लिए जाने की मांग को लेकर आम आदमी पार्टी मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन मांगपत्र सौपा। ज्ञापन में कहा गया है कि मध्यप्रदेश में पहले से ही उपभोक्ताओं को महंगी बिजली की मार ने सताया है, वहीं सरकार बिजली कंपनी के साथ सांठगांठ करके लोगों को लूट रही है, अब जबकि लगभग 15 महीने से लोग दो वक्त की रोटी के लिए संघर्ष कर रहे हैं। ऐसे वक्त में बिजली के दामों में 70 प्रतिशत की बेतहाशा वृद्धि अमानवीय है। दिल्ली में आम आदमी पार्टी की सरकार 200 यूनिट तक बिजली हर व्यक्ति के लिए मुफ्त दे रही है तथा 400 यूनिट तक आधे दाम हैं, जबकि बिजली का उत्पादन दिल्ली में नहीं होता है। बिजली मध्यप्रदेश से खरीदकर दी जाती है, फिर भी वहां लोगों को बिजली कम दाम में उपलब्ध कराई जा रही है, जबकि मप्र में बिजली का उत्पादन भी होता है, इसके बावजूद भी मप्र के अंदर 200 यूनिट बिजली के लगभग 1500 रुपये और 400 यूनिट के लगभग 3200 रुपये वसूले जा रहे हैं। लगभग 15 माह से लोगों की दुकानों से व्यापार से आमदनी ना के बराबर हुई है, बल्कि लोगों को नुकसान हुआ है ऐसे में भी बंद दुकानों से बंद व्यापार से बिजली की मोटी रकम वसूली गई व्यवसायिक दर परए यह सरासर लूट है। आम आदमी पार्टी ने प्रदेश के मुखिया शिवराज सिंह चौहान से आग्रह किया है कि लोगों को बिजली कम दाम पर उपलब्ध कराई जाए। गरीब जरूरतमंदों को बिजली मुफ्त उपलब्ध कराई जाए। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष सुनील मिश्रा, जिला उपाध्यक्ष अफरोज अहमद, गुप्तेश्वर साहू, रंजीत मौर्य पिंटू, सुदामा इडनानी, कृष्ण कुमार कुशवाहा, अभिषेक बजाज, पवन सैनी, आयुष द्विवेदी, नितिन साहू, अनमोल मंगवानी, सद्दू दहिया आदि साथी उपस्थित रहे।

# स्वस्थ रहने के लिए नियमित करते रहें योग

### जाग्रति पार्क में योग दिवस पर कार्यक्रम



**कटनी।** पर्यावरण विकास संधारण समिति के तत्वावधान में योग दिवस पर जाग्रति पार्क में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमे मुख्य अतिथि कलेक्टर प्रियंक मिश्रा की उपस्थिति रही। मुख्य अतिथि कलेक्टर का स्वागत डॉक्टर राजेंद्र गुप्ता ने पुष्प माला से स्वागत किया। तत्पश्चात योग गुरू योगेश मिश्र ने योग कराया। कलेक्टर प्रियंक मिश्रा ने अपने उद्बोधन में लोगो से स्वस्थ रहने के लिए नियमित योग करते रहे और पौधारोपण भी करे। जाग्रति पार्क में 15 अगस्त पर 100 फीट ऊंचा झंडा फहराया जाना है। इस अवसर पर डॉ. राजेंद्र गुप्ता, डॉ. ब्रह्मा जसूजा, जाकिर भाई, निरंजन पंजवानी, डॉ. वन्दना गुप्ता, डॉ. शैफाली गुप्ता, डॉ. स्नेहा चौधरी, डॉ. ज्योत्सना निगम, मोहन बजाज, घनश्याम भाई, जायंट्स ग्रुप ऑफ मुड़वारा कटनी के पूर्व अध्यक्ष लक्ष्मीकांत भारद्वाज, अतुल जैन, फेडरेशन आफिसर्स अनिल नेमा, संजय सोनी, डॉ. अशोक चौदाहा, राजेन्द्र शर्मा, राजकुमार केशवानी, श्रीमति आशा जसूजा, रोशनी केशवानी, पूनम शर्मा, अशोक रूपांकन, मनोज बलेचा, महेश परोपकारी, ओमप्रकाश पमनानी, टहलराम आदि की उपस्थिति रही।

# योग दिवस पर राहुल बाग में कार्यक्रम

**कटनी।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर राहुल बाग में योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमे श्रीमती मनीषा त्रिसोलिया द्वारा योग दिवस कार्यक्रम का संचालन करते हुए सभी को योग कराया गया। इस अवसर पर ग्रुप के सभी सदस्यों अंजू अग्रवाल, सोना तनवानी, रंजू गुप्ता, संतोष गुप्ता, पूजा भारती, जयश्री शर्मा, अभिलाष वर्मा, अशोक अग्रवाल, अमिषा त्रिसोलिया की उपस्थिति रही। इस अवसर पर योग ग्रुप क संचालक मनीषा त्रिसोलिया ने कहा कि राहुल बाग में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर योग कार्यक्रम आयोजन का यह दूसरा साल है। पिछले साल उनके द्वारा योग दिवस मनाने की पहल की गई थी और उन्हें खुशी है कि सभी के सहयोग से इसे सफलता मिली। उन्होंने सभी का आभार व्यक्त किया।





# टीकाकरण की ली जानकारी, किया प्रेरित, सेंटरों में पहुंचे कलेक्टर, सीईओ

**कटनी।** जिले में 21 जून से वेक्सीनेशन महा-अभियान का शुभारंभ हुआ। पहले दिन कलेक्टर प्रियंक मिश्रा ने वेक्सीनेशन सेन्टरर्स का निरीक्षण किया। उन्होंने वेक्सीनेशन कार्य में संलग्न टीम से कार्य की प्रगति की जानकारी ली एवं आवश्यक निर्देश दिये। कलेक्टर पुरानी कचहरी परिसर में संचालित टीकाकरण केन्द्र पहुंचे। जहां वेक्सीनेशन के रजिस्ट्रेशन की जानकारी ली। टीकाकरण कराने पहुंचे नागरिकों से भी कलेक्टर ने चर्चा कर उनका फीडबैक लिया। कलेक्टर ने टीकाकरण कार्य में जुटे अमले को वेक्सीनेशन कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिये। साथ ही उन्होंने टीम को प्रोत्साहित भी किया। इसके बाद कलेक्टर ने नालंदा स्कूल सिविल लाईन, एमजीएम हॉस्पिटल के वेक्सीनेशन केन्द्रों का भी विजिट किया। जिसके बाद तिलक कॉलेज पहुंचकर जानकारी ली। उन्होने नागरिकों से भी चर्चा कर उनके आस-पड़ोस में भी लोगों को वेक्सीनेशन के लिये प्रेरित करने की बात कही। इसके साथ ही श्री मिश्रा ने ग्रामीण क्षेत्र अंतर्गत कन्हवारा में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में किये जा रहे वेक्सीनेशन कार्य का भी निरीक्षण किया। इसी तरह जिला पंचायत सीईओ जगदीश चंद्र गोमे ने वेक्सीनेशन महा-अभियान के दौरान टीकों की उपलब्धता की जानकारी जिला अस्पताल पहुंचकर ली। उन्होंने वेक्सीनेशन सेन्टर तक वेक्सीन पहुंचाने की व्यवस्था का भी जायजा लिया। इस दौरान उन्होने केन्द्रों पर टीकाकरण कार्य की प्रगति की जानकारी ली और कार्य में संलग्न टीम को भी प्रेरित करते हुये इस अभियान को सफल बनाने अपना सक्रिय सहयोग देने की अपील भी की। इसके साथ ही सीईओ जिला पंचायत ने ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों के टीकाकरण केन्द्रों के भ्रमण के दौरान ग्रामीणों से भी रुबरु चर्चा की। उन्होने टीकाकरण के महत्व को बताया। साथ ही लोगों से अधिक से अधिक वेक्सीनेशन कराने की अपील करते हुये उन्हें प्रेरित भी किया।



# योग को अपनी दिनचर्या में करें शामिल



**कटनी।** अंर्तराष्ट्रीय योग दिवस भारत के साथ संपूर्ण विश्व में मनाया गया। कोरोना संक्रमण के चलते इस बार सार्वजनिक योग कार्यक्रमों का आयोजन नहीं हुआ। सभी ने घर पर या निश्चित संख्या में अलग-अलग योग दिवस पर योग कर स्वयं में ऊर्जा का संचार किया। इसी कड़ी में युग चेतना पुरुष परमहंस योगीराज शक्तिपुत्र महाराज के निर्देशन में पंचज्योति शक्तितीर्थ सिद्धाश्रम धाम के संयुक्त तत्वाधान में देश विदेश के लाखों लोगों ने योग दिवस मनाया, जिसमें भारतीय शक्ति चेतना पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष संध्या शुक्ला की अहम भूमिका रही। संध्या शुक्ला ने सभी को बधाई दी एवं योग कर सभी को योग करने के लिये प्रेरित किया। 21 जून को युग चेतना पुरुष परमहंस योगीराज शक्तिपुत्र महाराज के लाखों शिष्यों ने भी अपने अपने स्तर पर अपने क्षेत्रों में योग कर योग दिवस मनाया। योग ही एक माध्यम है, जो हर जन मानस को बिना किसी मोल के स्वस्थ रख सकता है। शक्तिपुत्र महराज ने कहा की यदि व्यक्ति प्रतिदिन नियम से योग करें तो अस्वस्थ नहीं हो सकता।



# स्व सहायता समूह की महिलाओं ने दिखाई जागरूकता, भेंट किए उपहार

### जन शिक्षा केंद्र बड़गांव ने की नई पहलए वैक्सीनेशन कराने वाली महिलाओं को किया गया प्रोत्साहित






**कटनी।** सोमवार से प्रदेश के साथ जिले भर में करोना संक्रमण से बचाव के लिए महा अभियान का शुभारंभ किया गया। केंद्रों में लोग अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर टीकाकरण कराएं इसको लेकर जागरूक करने के साथ ही साथ प्रोत्साहित करने का सिलसिला भी जारी है। ऐसे ही रीठी जनपद पंचायत के बड़गांव जन शिक्षा केंद्र में वैक्सीनेशन कराने वाली महिलाओं को उपहार भेंट कर प्रोत्साहित करते हुए नई पहल की गई। बड़गांव जनशिक्षा केंद की प्राथमिक शाला संकट मोचन बड़गांव मे मध्यान्ह भोजन बनाने वाले जय माँ भवानी लाख चूड़ी समूह की दस महिलाओं और रसोइया व टीचर द्वारा सबसे पहले कोरोना टीका लगवाया गया। जिसपर समूह की महिलाओं को जनशिक्षा केंद्र की ओर से जनपद अध्यक्ष रोशनी सिंहए सीईओ प्रदीप सिंहए बीआरसी विनीत गौतमए प्रभारी अनूप सिंह द्वारा प्रोत्साहित करते हुए उपहार स्वरूप साड़ियां भेंट की गई। जनशिक्षा केंद्र के जनशिक्षक विपिन तिवारी ने बताया कि 7 दिन तक चलने वाले अभियान के दौरान टीकाकरण कराने वालों को प्रोत्साहित करने उपहार भेंट किये जायेंगे। दूसरी ओर लाख चूड़ी समूह की महिलाओं ने संकल्प लिया कि वे गांव में घर घर जाकर लोगों को वैक्सीन लगवाने के लिए प्रेरित करेगी। इस दौरान बीएसी मुश्ताक अहमदए जनशिक्षक राकेश जैनए शिक्षक राजेंद्र दोहैया सहित अन्य जन मौजूद थे।

# कर्मचारियों ने की वेतनवृद्धि की मांग

**कटनी।** मध्य प्रदेश अधिकारी- कर्मचारी संयुक्त मोर्चा संघ की कटनी इकाई द्वारा प्रवक्ता मार्तण्ड सिंह राजपूत के हवाले से जारी विज्ञप्ति में बताया गया है किए विश्वव्यापी आपदा कोरोना महामारी की आड़ में प्रदेश सरकार द्वारा अपने कर्मचारियों को जुलाई 2020 में मिलने वाली वार्षिक वेतन वृद्धि को रोक दी गई थी, जिसे रूके हुये लगभग एक वर्ष पूर्ण होने जा रहा है। शासन स्तर से लंबित वेतन वृद्धि पर निर्णय न लेने से कर्मचारी जगत की चिन्ता लाजमी है। बताया गया है कि वर्तमान में मंहगाई आसमान छू रही हैए जबकि इसके विपरीत मध्य प्रदेश के सरकारी कर्मचारियों के वेतन में लगभग दो वर्षो से कोई भी वृद्धि नहीं हुई है। जिसका खामियाजा कर्मचारियों के साथ-साथ उनके आश्रित परिवार जनों क़ो भुगतना पड़ रहा है।राज्य के गठन के बाद संभवतः यह पहला अवसर है कि राज्य कर्मचारियों की वेतन वृद्धि पूरी तरह से एकमुश्त रोक दी गई है। कोरोना काल के पहले भी देश के साथ.-साथ प्रदेश में अनेकों अनेक आपदाएं और विपदाएं आती-जाती रही हैं, किन्तु कर्मचारियों को इस तरह का जबरजस्त तरीक़े से आर्थिक हानि इसके पहले शासन स्तर से कभी नहीं पहुंचाई गई। संयुक्त मोर्चा संघ के संस्थापक पंडित सरमन तिवारी, धर्मेन्द्र धरण त्रिपाठी, श्रीमती चित्रा प्रभात, रामाधार गौतम, राकेश दुबे, पुष्पराज सिंह बघेल, अनिल खम्पारिया, दुर्गा पटेल, दादूरामपटेल, केके गुप्ता, केसी सिंग, अवधेश दाहिया, जगदीश भदौरिया, पीके महार, एके मेहरा, शंकर तिवारी, अजीतसिंह, राजेश सिंह, दिलीप प्यासी, रमेश शाह, विद्याधर मिश्रा, वीरेंद्र नायक, केएल श्रीवास्तव आदि ने मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को ई.मेल के माध्यम से पत्र भेजकर मांग की है किए इस भीषण मंहगाई के दृष्टिगत रखते हुए कर्मचारियों को देय वेतन वृद्धि और मंहगाई भत्ते पर लगी रोक यथा शीघ्र हटाते हुए एरियर्स भुगतान के आदेश जारी किये जाएं।

**NOTICE INVITING TENDER (NIT)**

**Office of DeGS, District Katni District Katni**

**Department of Public Service Management, Pin Code - 483501**

Bid No.: 4364/PSM/Katni/2021 Date : 18/06/2021

**Request for Proposal (RFP) for "Selection of Agency for Establishing, Operating and Maintaining DISTRICT NODAL CALL CENTRE at Office of DeGS, District Katni."**

Online Tenders are invited from reputed Agencies based in India for Providing manpower with IT equipment mentioned in this RFP for Establishing, Operating and Maintaining DISTRICT NODAL CALL CENTRE for Office of DeGS, District Katni The bids will be received up to the date & time indicated below. The online tenders will be opened in the office of the undersigned as mentioned time schedule (key date).

| Tender Specification No | Name of the work/ Services | Tender Fees (in INR) | EMD (In INR) | Last date for bid submission | Due date of opening of tender on-line from 15.00 Hrs.* |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | Selection of Agency for Establishing, Operating and Maintaining District Nodal Call Centre at Office of DeGS, District Katni. | 500/- | 50,000/- | 09/07/2021 04:00 PM | 12/07/2021 03:00 PM |

* For updated/extended due dates for opening of tender please refer to the key dates and https://mptenders.gov.in portal.

The Client reserves the right to reject any or all the tenders or accept any tender in full or part as considered advantageous to the Client, whether it is lowest or not, without assigning any reason whatsoever it may be.

**Secretary, Office of DeGs, District Katni**
**Department of Public Service Management**
**Pin Code- 483501**

G13582/21

# वेक्सीनेशन के साथ जरूरतमंदों की मदद

## माधवनगर झूलेलाल सेवा मंडल की सराहनीय पहल



**कटनी।** माधवनगर झूलेलाल सेवा मंडल द्वारा कोरोना बीमारी से बचाव हेतु लगभग एक महीने से टीकाकरण कराया जा रहा है, साथ ही गरीबजनों को कच्चा आहार देकर मदद की जा रही है। झूलेलाल सेवा मंडल के अध्यक्ष झम्मटमल थारवानी ने बताया कि 15 दिनों से लगातार कोरोना महामारी से बचाव हेतु टीकाकरण कराया जा रहा है, जिसमे अभी तक एक हजार लोगों का टीकाकरण किया जा चुका है ओर कोरोना जागरूकता रथ चलाकर लोगो को जागरूक भी किया जा रहा है, साथ ही गरीबों को कच्चे आहार के 1 हजार पैकेट उनके घरों तक पहुंचाने का कार्य सेवा मंडल द्वारा की जा रहा है। पिछले लॉकडाउन में भी लगातार एक महीने तक लोगों को भोजन के पैकेट वितरित किये गए थे इस पूरे सेवाकार्य में झूलेलाल सेवा मंडल के अध्यक्ष झम्मटमल थारवानी, खियल चावला, लक्ष्मण नन्दवानी, डॉ. प्रेम जसूजा, बंटू रोहरा, जोधाराम जयसिंघानी, विजय नारंग, नवल केशवानी, पायल जैतवानी, अशोक चेलानी, अमृतलाल पोपटानी, मनीष मुलवानी, लखन चेलानी अपनी सेवा दे रहे है।

न्यूनतम मूल्य में पाएं अधिकतम लाभ

यश भारत

कलर क्लासीफाइड

| | | |
|---|---|---|
| 1 दिन | – | 150/– |
| 3 दिन | – | 250/– |
| 7 दिन | – | 500/– |
| 15 दिन | – | 1200/– |
| 30 दिन | – | 1800/– |

साईज– 5x1

आवश्यकता, खरीदना–बेचना अपने व्यापार को बढ़ावा दें

बुकिंग हेतु संपर्क करें

यश भारत

कचहरी चौक, कटनी

फोन:– 07622–230033
Email :- katni@yashbharat.com

## मानसून की बेरूखी से बढ़ी उमस व गर्मी

### काले बादलों की गतिविधि कम होते ही बढ़ा तापमान



**कटनी।** महीने की शुरुआत में राहत देने वाले काले बादल मानसून के प्रवेश करने के बाद से रूठ गए हैं। शहर में मंडराने वाले काले बादल भी अब छंट गए हैं। आसपास कोई चक्रवातीय प्रभाव नहीं होने से सोमवार को मौसम ने करवट ले ली। सुबह से ही हल्की धूप खिली। दोपहर तक उमस और गर्मी बढ़ गई। धूप में चुभन और गर्मी के साथ चिपचिपहाट ने बेचैन किया। शाम को कुछ देर के लिए बादल उमड़े लेकिन बूंदाबांदी भी नहीं हुई। मौसम विभाग के अनुसार अभी चार दिन बारिश के ज्यादा आसार नहीं हैं। काले बादलों की गतिविधि कम होने से तापमान में भी धीरे-धीरे कुछ वृद्धि हो सकती है। इससे उमस और गर्मी कुछ परेशान कर सकती है।

#### स्थानीय सिस्टम से कुछ उम्मीद

मौसम के बदलते मिजाज के साथ सुबह-दोपहर के बीच उमस और गर्मी ज्यादा होने लगी है। इससे दोपहर बाद स्थानीय सिस्टम सक्रिय हो रहा है। दिन भर की गर्मी से दोपहर बाद हल्के बादल बन रहे हैं लेकिन शाम तक यह बादल डिजॉल्व हो जा रहे हैं। फिर भी स्थानीय बादलों पर नजर है। लोकल सिस्टम के कारण सक्रिय होने वाले बादलों से कुछ छिटपुट बूंदबांदी की उम्मीद की जा रही है।

### बारिश के लिए अभी और करना होगा इंतजार

मौसम ने फिर करवट बदल ली है। बादलों के छंटते ही आसमान पूरी तरह साफ हो गया है और धूप असर दिखाने लगी है। सुबह से ही तेज धूप के कारण तपन महसूस हो रही है। बदले मौसम को देखते हुये अनुमान लगाया जा रहा है कि मानसूनी बारिश के लिए शहर को अभी और इंतजार करना पड़ेगा क्योंकि आसमान पर मंडराने वाले बादल भी गायब हो गये हैं। शहर के आसमान पर मंडरा रहे बादलों से थोड़ी राहत रही। तपन महसूस नहीं हो रही थी लेकिन रविवार की शाम से बादल गायब हो गये हैं। यही वजह रही कि सोमवार की सुबह पिछले कई दिनों की तुलना में ज्यादा गरम रही। दोपहर तक गर्मी अपना असर दिखाने लगी थी खासकर तपन के साथ उमस ने जमकर पसीना निकाला। मौसम विभाग का कहना है कि अगले 24 घंटे के दौरान भी इसी तरह का मौसम रहेगा क्योंकि आसमान साफ हो चुका है। हालांकि राजस्थान से लेकर बंगाल की खाड़ी तक नया सिस्टम बन रहा है लेकिन उसके सक्रिय होने के बाद ही बेहतर बारिश के बारे में कुछ कहा जा सकता है। फिलहाल शहर को हल्की बारिश या बूंदाबांदी से ही संतोष करना पड़ सकता है।

## ताप्तीगंगा एक्सप्रेस से कटनी पहुंचे युवकों से 7 करोड़ के जेवर बरामद

**हवाला के बाद सोने-चांदी की तस्करी के लिए हो रहा ट्रेनों का उपयोग**





### सूरत निवासी युवकों से रेल पुलिस व आयकर विभाग की टीम कर रही पूछताछ

**कटनी।** ट्रेनों के जरिए हवाला कारोबार के साथ ही व्यापक पैमाने पर सोने व चांदी की तस्करी भी की जा रही है। इस बात का खुलासा देररात लगभग ढाई बजे उस समय हुआ, जब सूरत से चलकर कटनी पहुंची ताप्तीगंगा एक्सप्रेस से उतरते ही रेल पुलिस ने तीन युवकों को 13 से 14 किलो वजनी सोने के जेवर के साथ अपनी गिरफ्त में ले लिया। युवकों के पास से बरामद सोने के जेवरों की कीमत लगभग 7 करोड़ रूपए बताई जा रही है। प्रारंभिक पूछताछ में इतना पता चला है कि युवक यह सोने के जेवर शहर के ही किसी सराफा कारोबारी को देने आए थे लेकिन डिलेवरी देने के पूर्व ही वो रेल पुलिस के हत्थे चढ़ गए। रेल पुलिस से सूचना मिलने के बाद आज सुबह आयकर विभाग की टीम भी जीआरपी थाने पहुंच चुकि है तथा मामले की पड़ताल कर रही है। उधर भारी मात्रा में सोने की खेप मिलने के बाद जबलपुर से रेल पुलिस अधीक्षक सुनील कुमार जैन भी कटनी के लिए रवाना हो गए हैं। इस संबंध में जीआरपी के प्रभारी थाना प्रभारी उपनिरीक्षक आर.के.पटेल ने बताया कि सूरत से भागलपुर के बीच कटनी होकर चलने वाली ताप्तीगंगा एक्सप्रेस में सोने की तस्करी होने की जानकारी मुखबिरों से मिली। जिसके बाद रेल पुलिस की टीम ट्रेन के कटनी पहुंचने के पूर्व ही सक्रिय हो गई। बताया जाता है कि देररात लगभग दो-ढाई बजे जैसे ही ट्रेन कटनी पहुंची और उससे उतर यात्री स्टेशन के बाहर निकलने लगे तो पहले से तैनात टीम यात्रियों पर नजर रखने लगी। इस दौरान ट्रेन से उतर बाहर निकल रहे तीन युवकों को संदेह के आधार पर थाने ले जाया गया और उनके सामान की तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान युवकों के पास से अलग-अलग 13 से 14 किलो वजनी सोने के जेवर बरामद किए गए। उपनिरीक्षक आर.के.पटेल ने बताया कि सोना बरामद होने की सूचना रेल पुलिस अधीक्षक सुनील कुमार जैन व आयकर विभाग की टीम को दी गई। जिसके बाद आज सुबह आयकर विभाग की टीम भी जीआरपी थाने पहुंच कर मामले की पड़ताल में जुट गई। वहीं युवकों से पूछताछ करने जबलपुर से रेल पुलिस अधीक्षक सुनील कुमार जैन भी कटनी के लिए रवाना हो गए हैं।

#### शहर के सराफा कारोबारी को देनी थी डिलेवरी

उपनिरीक्षक आर.के.पटेल ने बताया कि तीनों युवक क्रमशः धवल कुमार, अजय कुमार व पल्लोव पटेल सूरत के निवासी हैं। तीनों सोने के जेवरों की डिलेवरी देने कटनी आए थे। हालांकि अभी यह पता नहीं चल सका है कि तीनों युवक शहर के किस सराफा कारोबारी को सोने के जेवरों की डिलेवरी देने आए थे।

## किशोरी फांसी पर झूली

**कटनी।** बरही थाना अंतर्गत ग्राम कुठिया महगवां में एक 16 वर्षीय किशोरी के द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली गई। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक ग्राम कुठिया महगवां निवासी संतोष विश्वकर्मा की 16 वर्षीय पुत्री सपना विश्वकर्मा के द्वारा मकान की परछी में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली गई। आत्महत्या किए जाने के कारणों का खुलासा नहीं हो सका है। पुलिस मर्ग कायम कर मामले की जांच कर रही है।

## सूने मकान में दिनदहाड़े एक लाख की चोरी

### बड़वारा के सुड्डी गांव में वारदात, सोने-चांदी के जेवर ले गए चोर

**कटनी।** बड़वारा थाना अंतर्गत ग्राम सुड्डी में दिनदहाड़े एक सूने मकान में धावा बोलकर अज्ञात बदमाश लगभग एक लाख रूपए कीमती सोने व चांदी के जेवर लेकर चंपत हो गए। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक ग्राम सुड्डी निवासी 45 वर्षीय गुड्डी बाई पति सुरेश प्रसाद पटेल दोपहर के समय मकान में ताला लगाकर किसी कार्यवश गई थी। इसीदौरान दिनदहाड़े उसके सूने मकान को अज्ञात बदमाशों ने निशाना बनाया और ताला तोड़कर अंदर से सोने-चांदी के जेवर लेकर चंपत हो गए। चोरी गए जेवरों की कीमत 85 हजार रूपए बताई जा रही है। पुलिस ने अज्ञात बदमाशों के विरूद्ध धारा 454, 380 के तहत मामला दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है।

#### द्वारका सिटी से बुलेट चोरी

उधर रंगनाथनगर थाना अंतर्गत द्वारका सिटी निवासी अमित पिता ए.पी.सिंह के मकान के बाहर खड़ी बुलेट मोटर सायकल को अज्ञात बदमाशों ने पार कर दिया। चोरी गई मोटर सायकल की कीमत 25 हजार रूपए बताई जा रही है। पुलिस ने अज्ञात चोरों के विरूद्ध धारा 379 के तहत मामला दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है।

## कल आसमान में दिखेगा स्ट्रॉबेरी मून आश्चर्यचकित करेगी खगोलीय घटना

**कटनी।** इस वर्ष कल 24 जून को ग्रीष्म संक्राति के बाद की पहली पूर्णिमा है और इस दिन एक अनोखी खगोलीय घटना दिखाई देगी। आसमान में कल 24 जून में चंद्रमा स्ट्रॉबेरी के रंग में दिखाई देगा। इसलिए इस घटना को स्ट्रॉबेरी मून कहा जाता है। चंद्रमा अपनी कक्षा में पृथ्वी से निकटता के कारण अपने सामान्य आकार से काफी बड़ा दिखाई देगा, तब इसे स्ट्रॉबेरी मून कहेंगे। इस पूर्णिमा के चांद को सुपरमून नहीं माना जाता है। जैसा कि मई माह में देखने को मिला था।

#### हाल ही में दिखी हैं कई खगोलीय घटनाएं

हाल ही के दिनों में कई खगोलीय घटनाएं देखने को मिली है। बीते दिनों में सुपरमून, ब्लडमून, चंद्र ग्रहण और फिर रिंग ऑफ फायर सूर्य ग्रहण दिखाई दिया था। अब कल 24 जून को स्ट्रॉबेरी मून भी बहुत खास होगा। हिंदू पंचांग के मुताबिक स्ट्राबेरी मून वसंत ऋतु की अंतिम पूर्णिमा और ग्रीष्म ऋतु की पहली पूर्णिमा का प्रतीक है।

### इसलिए कहते हैं स्ट्रॉबेरी मून

स्ट्रॉबेरी मून का नाम दरअसल प्राचीन अमेरिकी जनजातियों से नाम मिला है, जिन्होंने स्ट्रॉबेरी के लिए कटाई के मौसम की शुरुआत के साथ पूर्णिमा को चिह्नित किया था। यूरोप में स्ट्रॉबेरी मून को रोज मून कहते हैं जो गुलाब की कटाई का प्रतीक है। उत्तरी गोलार्ध में इसे गर्म चंद्रमा भी कहते हैं क्योंकि यह भूमध्य रेखा के उत्तर में गर्मी के मौसम की शुरुआत करता है।

## शहर की तुलना में आगे रहा ग्रामीण क्षेत्र

### कटनी-बड़वारा को छोड़कर सभी ब्लॉकों में 100 प्रतिशत से अधिक टीकाकरण

**कटनी।** कोरोना वेक्सीनेशन महा-अभियान के तहत जिले में सोमवार को उत्साह और उमंग के साथ वृहद् स्तर पर कोविड-19 टीकाकरण का अभियान प्रारंभ हुआ। खास बात यह रही कि इस दौरान बड़ी संख्या में लोगों ने टीकाकरण कराते हुए कीर्तिमान रच दिया। बुजुर्गों के साथ ही युवाओं और दिव्यांगों ने भी इस अभियान में बढ़-चढ़कर सहभागिता निभाई। टीकाकरण अभियान को सफल बनाने में प्रेरकों की भी सराहनीय भूमिका रही। जिन्होंने सुबह से ही मोर्चा संभाल लिया था और टीकाकरण के लिए लोगों को प्रेरित किया। बताया जाता है कि प्रदेश सरकार द्वारा जिले को 15 हजार टीके लगाने का लक्ष्य दिया गया था, जबकि कटनी जिले में प्रशासन द्वारा इसे आगे बढ़ाते हुए 20 हजार डोज लगाने का टारगेट निर्धारित किया गया। 21 जून को जिले में 18 हजार 630 लोगों का टीकाकरण किया गया। जिले द्वारा निर्धारित लक्ष्य के विरूद्ध 93 प्रतिशत टीकाकरण हुआ तो वहीं राज्य सरकार द्वारा दिए गए टारगेट से 122 प्रतिशत सफलता मिली। जिले में रीठी तहसील में सर्वाधिक 128 प्रतिशत लोगों को वेक्सीन लगाई गई। ग्रामीण क्षेत्रों के मुकाबले शहर में जागरूकता कम दिखी। नगर निगम सीमा क्षेत्र में 63 प्रतिशत वेक्सीन लगवाई। बड़वारा को छोड़कर सभी तहसीलों में 100 प्रतिशत से अधिक टीकाकरण हुआ। टीकाकरण के दौरान जिले के ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में खासा उत्साह देखने को मिला। जिले में वेक्सीनेशन महा-अभियान के तहत 132 टीकाकरण केन्द्र चिन्हित किए गए थे लेकिन कल सुबह टीकाकरण शुरू होने से लेकर शाम को इसके समापन तक केन्द्र बढ़कर 204 तक पहुंच गए। इस दौरान फारेस्टर प्लेग्राउण्ड में भी ड्राइव इन वेक्सीनेशन सेंटर संचालित किया गया, जहां करीब 100 लोगों ने ऑनस्पॉट वैक्सीन लगवाई। वेक्सीनेशन को लेकर कई केन्द्रों में कतारें भी देखने को मिलीं। विशेष तौर पर ग्रामीण क्षेत्रों में टीकाकरण को लेकर लोगों में उत्साह दिखा।



**राज्य के लक्ष्य से 122 प्रतिशत तो जिले के लक्ष्य के विरूद्ध 93 लोगों ने लगवाई वैक्सीन**

#### जिले में कहां कितने वेक्सीनेशन सेंटर

| ब्लॉक | | टारगेट | लक्ष्य | प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|
| नगर निगम सीमा क्षेत्र | - | 7000 | 4407 | 63 प्रतिशत |
| बड़वारा | - | 2150 | 1758 | 82 प्रतिशत |
| बहोरीबंद क्षेत्र | - | 2000 | 2136 | 107 प्रतिशत |
| ढ़ीमरखेडा क्षेत्र | - | 2000 | 2280 | 114 प्रतिशत |
| कन्हवारा क्षेत्र | - | 2000 | 2174 | 109 प्रतिशत |
| रीठी क्षेत्र | - | 2000 | 2554 | 128 प्रतिशत |
| विजयराघवगढ़ क्षेत्र | - | 2000 | 2320 | 116 प्रतिशत |
| बरही क्षेत्र | - | 850 | 1001 | 118 प्रतिशत |
| **कुल योग** | - | **20000** | **18630** | **93 प्रतिशत** |

#### कलेक्टर ने की सराहना, जताया आभार

कलेक्टर प्रियंक मिश्रा ने वेक्सीनेशन कार्य में लगी सभी टीम को उत्कृष्ट कार्य करने पर सराहा है। उन्होने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों की टीम के द्वारा अच्छा प्रदर्शन किया गया। लेकिन अभी हमारा अभियान समाप्त नहीं हुआ है। हमें आगे भी और मेहनत से कार्ययोजना बनाकर कार्य करना होगा। हमारा उद्देश्य है कि जिले के नागरिकों को कोरोना संक्रमण से बचाव के लिये वेक्सीनेशन का कवच जरुर मिले। जिलेवासियों के प्रति भी कलेक्टर श्री मिश्रा ने अपना आभार व्यक्त किया। कोरोना वेक्सीनेशन के महा-अभियान में जागरुकता के साथ सक्रिय सहभागिता करने पर जिलेवासियों के प्रति भी श्री मिश्रा ने अपना धन्यवाद ज्ञापित किया है।

## विद्युतीकरण के बाद बढ़ी ट्रेनों की रफ्तार

#### रेलवे और यात्री दोनों को मिली राहत

**कटनी।** जबलपुर मंडल का सौ फीसदी इलेक्ट्रिफिकेशन पूरा हो गया है। खास तौर पर इटारसी से जबलपुर, कटनी और सतना से होते हुए मानिकपुर तक यह काम पूरा हो गया है। जिसका फायदा न सिर्फ यात्री ट्रेनों को मिला है बल्कि अब मालगाड़ी की रफ्तार भी 40 से 55 किमी प्रति घंटे हो गई है जो पहले 30 से 40 किमी प्रति घंटे होती थी। विद्युतीकरण के बाद ट्रेनों की रफ्तार तो बढ़ा दी गई। ज्यादातर ट्रेनें अपने निर्धारित समय से 20 से 30 मिनट देरी से चल रही थीं लेकिन कोरोना काल के दौरान रेलवे ने ट्रेनों की लेटलतीफी को दूर कर लिया है। जो भी ट्रेनें चल रही हैं वे अपने निर्धारित समय से एक से दो मिनट भी लेट नहीं चल रहीं। दरअसल इसकी वजह ट्रेनों की कम संख्या होना है। कोरोना काल के पहले 120 से 140 ट्रेनें चलती थीं लेकिन वर्तमान में महज 68 ट्रेनें ही चल रही है।

#### समय पर चल रहीं ट्रेनें

कोविड 19 के चलते वर्तमान में मंडल में 68 यात्री गाड़ियों का परिचालन प्रतिदिन हो रहा है। मंडल में चलने वाली ये ट्रेन प्रत्येक स्टेशन पर समय पर पहुंचकर गंतव्य को रवाना हो रही हैं। जबलपुर मंडल ने इस माह में 8वीं बार सौ फीसद पंचुअल्टी से यात्री गाड़ियों को चलाने का कार्य किया है। हाल ही में साइक्लोन के कारण पिछले दिनों चली तेज आंधी के दौरान भी यात्री गाड़ियों में मंडल में विलंब नहीं हुआ और न ही किसी ट्रैक को कोई नुकसान या अवरोध हुआ।


**PRE. REGISTRATION साईनाथ कॉलेज ऑफ नर्सिंग/ श्री हास्पिटल**

सर्व सुविधायुक्त कॉलेज हॉस्टल एवं बस की सुविधा उपलब्ध

| पाठ्यक्रम | योग्यता | कोर्स अवधि | उम्र |
|---|---|---|---|
| एएनएम | 12वीं पास (किसी भी विषय) | 2 वर्ष | 17 वर्ष से ऊपर |
| जीएनएम | 12वीं पास (किसी भी विषय) | 3 वर्ष | 17 वर्ष-35 वर्ष |
| बीएससी (नर्सिंग) | 12वीं पास (बायो.) | 4 वर्ष | 17 वर्ष से ऊपर |
| पोस्ट बेसिक बीएससी | जीएनएम पास | 2 वर्ष | 17 वर्ष से ऊपर |
| एमएससी (साइकेट्री) | बीएससी नर्सिंग पास | 2 वर्ष | 17 वर्ष से ऊपर |
| एमएससी (कम्युनिटी ऑफ नर्सिंग) | | 2 वर्ष | 17 वर्ष से ऊपर |

नोट:- एससी/एसटी/ओबीसी छात्र-छात्राओं को म.प्र. शासन के नियमानुसार शिक्षण शुल्क लाभ प्राप्त करें

इंडियन नर्सिंग काउंसिल नई दिल्ली म.प्र. नर्सेस रजिस्ट्रेशन काउंसिल भोपाल से मान्यता प्राप्त

श्री हास्पिटल एम.एम. चौबे वार्ड, एनएच-7 बरगवां, कटनी मो. 8962262200, 9425325316, 9752414318

**PRE. REGISTRATION**
**साईनाथ इंस्टीट्यूशन/ श्री हास्पिटल**

सर्व सुविधायुक्त कॉलेज हॉस्टल एवं बस की सुविधा उपलब्ध

| पाठ्यक्रम | योग्यता | कोर्स अवधि | उम्र |
|---|---|---|---|
| डी.एल.एड. | 12वीं पास (किसी भी विषय) | 2 वर्ष | 17 वर्ष से उपर |
| बी.ए.बी.एड. | 12वीं पास (किसी भी विषय) | 4 वर्ष | 17 वर्ष से उपर |
| बीएससी बीएड | 12वीं पास (विज्ञान/गणित) | 4 वर्ष | 17 वर्ष से उपर |

एन.सी.टी.ई. नई दिल्ली म.प्र. एवं रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय जबलपुर व माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल

नोट:- एससी/एसटी/ओबीसी छात्र-छात्राओं को म.प्र. शासन के नियमानुसार शिक्षण शुल्क लाभ प्राप्त करें

श्री हास्पिटल एम.एम. चौबे वार्ड, एनएच-7 बरगवां, कटनी मो. 8962262200, 9425325316, 9752414318

यदि आप तक समय पर यश भारत नहीं पहुंच रहा है तो संपर्क करें फोन:- 230033

पोस्ट कोविड समस्याओं के सही इलाज के लिए मिलें Pulmonologist
**डॉ. स्मिता बजाज**
MBBS, DTCD, CCEDM
टी.बी., दमा, श्वास, खांसी, एलर्जी एवं डायबटीज स्पेशलिस्ट
मौसम बदलने पर बार-बार खांसी आना, साल भर सर्दी बने रहना, एलर्जी की शिकायत होना एवं नींद में सीटी की आवाज आना
नोट- स्पायरोमीटरी (फेफड़ों की कम्प्यूटरीकृत जांच) एवं (एलर्जी टेस्टिंग) की सुविधा उपलब्ध है ।
संपर्क करे- डॉ. राजीव बजाज (शिशु रोग विशेषज्ञ)
कन्हैया हास्पिटल, माई नदी के पास बरही रोड, कटनी
फोन-07622-236253, मो. 6266203009






स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा एन.एम. पब्लिकेशन प्रा.लि. उखरी चौक जबलपुर से मुद्रित एवं कचहरी चौक कटनी से प्रकाशित। सम्पादक-श्याम कटारे एवं स्थानीय सम्पादक-आशीष सोनी* । फोन (07622) 406666, 230033, जबलपुर कार्यालय फोन- (0761) 2643333, 2646666 फैक्स (0761) 4084085 डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/ 26/19-21 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/21090. email - katni@yashbharat.com (न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर)